● जयपुर, मंगलवार 12 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 85 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और सीएम भजनलाल शर्मा ने चौरासी तथा सलूंबर....

पेज @4 देवोत्थान एकादशी अंजनी माता मेला...

पेज @8 बढ़ता शहरीकरणः समस्याएँ और समाधान विषयक मुक्त मंच की 90 वीं संगोष्ठी...

जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली/एजेंसी।

जस्टिस संजीव खन्ना ने देश के 51वें सीजेआई के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन के अशोक हॉल में संजीव खन्ना ने शपथ ली। इस दौरान समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चुनाव में ईवीएम की उपयोगिता बनाए रखना, चुनावी बांड योजना को खारिज करना, अनुच्छेद-370 के निरस्तीकरण के फैसले को कायम रखना और दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए अंतरिम जमानत प्रदान करने के फैसले देने वाले बेंच में वो शामिल थे।

तीस हजारी कोर्ट से भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश तक का सफर

जस्टिस संजीव खन्ना दिल्ली के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी सारी पढ़ाई-लिखाई दिल्ली से ही की है। उनका जन्म 14 मई 1960 को हुआ था। उनके पिता न्यायमूर्ति देस राज खन्ना थे, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

साल 1983 में वो दिल्ली बार काउंसिल के साथ एक वकील के रूप में नामांकित हुए। शुरुआत में दिल्ली के तीस हजारी परिसर में जिला न्यायालयों में और बाद में दिल्ली के उच्च न्यायालय और संवैधानिक कानून, प्रत्यक्ष कराधान, मध्यस्थता जैसे विविध क्षेत्रों में न्यायाधिकरणों में प्रैक्टिस की। वाणिज्यिक कानून, कंपनी कानून, भूमि कानून, पर्यावरण कानून और चिकित्सा लापरवाही कानूनों पर उनकी जबर्दस्त पकड़ है।

18 जनवरी, 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उन्हें पदोन्नत किया गया। उन्होंने 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक सुप्रीम कोर्ट कानूनी सेवा समिति के अध्यक्ष का पद संभाला। वह वर्तमान में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी हैं। संजीव खन्ना 13 मई, 2025 तक सीजेआई के पद पर रहेंगे।

न्यूज अपडेट

पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो को जन्मदिन की बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए नागालैंड के विकास और वहां के लोगों को सशक्त बनाने के लिए सीएम नेफ्यू रियो की तार-ीफ की और उनको जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे नागालैंड के विकास और लोगों को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी 'एक्स' के जरिए नेफ्यू रियो को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप स्वस्थ रहें और लोगों की सेवा करते रहें।

किसी लड़के के साथ होटल जाने का अर्थ ये नहीं कि महिला यौन संबंध के लिए तैयार है : हाईकोर्ट

मुंबई/एजेंसी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी महिला का किसी पुरुष के साथ होटल के कमरे में जाना यह नहीं दर्शाता कि उसने यौन संबंध के लिए सहमति दे दी है। गोवा बेंच ने एक बलात्कार मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए यह फैसला सुनाया है। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को बरी करते हुए तर्क दिया था कि महिला स्वेच्छा से कमरे में गई थी, इसलिए उसने यौन संबंध के लिए सहमति दे दी थी।

मार्च 2020 में, आरोपी गुलशेर अहमद ने पीड़िता को विदेश में नौकरी देने का झांसा देकर होटल के कमरे में बुलाया था। दोनों ने मिलकर ही कमरा बुक किया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कमरे में उसके साथ मारपीट की और बलात्कार किया। जस्टिस भरत पी देशपांडे की बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता के बयान को सही ढंग से नहीं समझा। कोर्ट ने कहा कि कमरे में जाना और यौन संबंध के लिए सहमति देना दो अलग-अलग चीजें हैं।

कोर्ट ने यह भी कहा कि होटल के कर्मचारियों के बयान पीड़िता के बयान से मेल खाते हैं। कोर्ट ने आरोपी के दावे को खारिज कर दिया कि पीड़िता ने स्वेच्छा से यौन संबंध के लिए सहमति दी थी। यह फैसला बलात्कार के मामलों में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि किसी महिला की सहमति के लिए उसकी हर हरकत को आधार नहीं बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचार, माफियावाद, कुशासन से मुक्त कराना है राज्य को

झारखंड की जनता ने बना लिया है बदलाव का मन : मोदी

नयी दिल्ली । एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस, झामुमो और राजद पर तीखा हमला किया और उन पर बड़ी-बड़ी बातें करने और अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। झारखंड में भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को नमो एप के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की इस टिप्पणी के लिए भी आलोचना की कि उनकी पार्टी ने लोगों को 'झूठी गारंटी' दी है। उन्होंने कहा, 'झारखंड वन व खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्र है। समृद्धि के बावजूद यहां विकास का अभाव और बेरोजगारी चरम पर है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार व झारखंड की अमूल्य प्राकृतिक संपदा की बेतहाशा लूट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वयं ही स्वीकार किया कि उनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं। खड़गे ने कहा,' जितना कर सकते हैं, उतनी ही गारंटी दो।' प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड इस बार चुनावों में बदलाव करने को संकल्पित हो गया है, इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि जेएमएम, कांग्रेस व आरजेडी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं लेकिन आज झारखंड की जनता देख रही है कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं। मोदी ने कहा कि राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद केंद्र सरकार अपने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हम जिस गति से झारखंड में विकास करना चाहते हैं, उसके लिए वहां डबल इंजन सरकार की बहुत जरूरत है।

उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां, भष्टाचारी तो होती ही हैं साथ ही समाज के प्रतिभाशाली नौजवानों के रास्ते में सबसे बड़ी दीवार होती हैं। जेएमएम के परिवारवादियों ने कांग्रेस के शाही परिवार से ऐसी गंदी चीजें सीखी हैं, जिसमें उन्हें कुर्सी और खजाना दो ही चीजों की चिंता रहती है, नागरिकों की उन्हें परवाह ही नहीं होती है। मोदी ने कहा कि पहले तो अमीरों के घर में गैस का सिलेंडर होता था, गरीब तो गैस सिलेंडर के बारे में सोच ही नहीं सकता था। क्योंकि कांग्रेस का स्वभाव अमीरों की खातिरदारी करने का था। भाजपा ने 'उज्जवल योजना' के माध्यम से गरीबों के घर गैस सिलेंडर पहुंचाया।

प्रधानमंत्री ने झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत ने विपक्षी दल जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड को हमें इनके भ्रष्टाचार, माफियावाद, कुशासन से मुक्त कराना है। मोदी ने कहा कि आज पूरे देश में सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और जहां-जहां दलित, आदिवासी और ओबीसी सबसे ज्यादा हैं और एकजुट हैं, वहां एनडीए सरकारें हैं। इससे कांग्रेस का शाही परिवार गुस्से में है, इसलिए उन्होंने एससी-एसटी-ओबीसी समाज को तोड़ने का फैसला किया है। इसलिए मैं लगातार कह रहा हूं कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को नमो एप के माध्यम से किया संबोधित

आज आखिरी बार उड़ान भरेंगे विस्तारा के विमान, कल से एयर इंडिया संभालेगी कमान

नई दिल्ली/एजेंसी।

फुल सर्विस एयरलाइन विस्तारा सोमवार को अपनी आखिरी उड़ान भरेगी। मंगलवार से एयरलाइन एयर इंडिया समूह में शामिल हो जाएगी। इस विलय के साथ ही भारतीय एयरलाइन कारोबार में फुल सर्विस एयरलाइन की संख्या घटकर केवल एक रह जाएगी। विस्तारा का संचालन टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच संयुक्त उद्यम रूप में हो रहा था। अब एयर इंडिया के साथ विलय के बाद नई इकाई में भी सिंगापुर एयरलाइन की 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

विलय के बाद पहले महीने में विस्तारा की टिकट वाले 1,15,000 से ज़्यादा यात्री एयर इंडिया के नाम से उड़ान भरेंगे। विलय के साथ ही विस्तारा एयरलाइन के फ्लाइट कोड के आगे '2' जुड़ जाएगी। उदाहरण के लिए विस्तारा की मौजूदा फ्लाइट कोड च 955 फ्लाइट अब ढ्ढ 2955 हो जाएगी। एयर इंडिया ने घोषणा की है कि विस्तारा के जैसा ही उत्पाद और सेवा अनुभव लोगों को आगे भी उपलब्ध रहेगा। बदलाव में मदद के लिए हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क कियोस्क स्थापित किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर लगी साइनेज और सूचना यात्रियों को सही चेक-इन डेस्क तक ले जाएगी।

करणी सेना का ऐलान : अनमोल बिश्नोई पर एक करोड़, तो गोल्डी बरार को मारने पर 51 लाख रुपये

अहमदाबाद/एजेंसी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद ला-ॅरेंस बिश्नोई पर नकद पुरस्कार की घोषणा करने वाले करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने एक बार फिर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह लॉरेंस के खिलाफ घोषित की गई नकद पुरस्कार राशि देने के फैसले पर आज भी अडिग हैं। राज शेखावत ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा है, अतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदा-रा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण पर नकद पुरस्कार की घोषणा। आतंकी लॉरेंस की पुरस्कार राशि पर हम आज भी कायम है और आगे भी कायम रहेंगे। अब बारी गैंग की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण की। इन आतंकवादियों पर भी नकद पुरस्कार की घोषणा क्षत्रिय करणी सेना द्वारा की जाती है। जो कोई व्यक्ति इनको ठोकेगा उसे नियमानुसार नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने इनामी राशि की घोषणा करते हुए बताया, अनमोल बिश्नोई पर 1,00,00,000 रुपये- (एक करोड़), गोल्डी बरार पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), रोहित गोदारा पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), संपत नेहरा पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख) और वीरेंद्र चारण पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख)।

एनसीआर में राहत की सांस ले रहे हैं लोग, नोएडा और गाजियाबाद में कम है एक्यूआई

नोएडा/एजेंसी।

दीपावली के बाद जिस तर-ीके से एनसीआर में धुंध की चादर देखने को मिलती है और स्मॉग के चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है, वैसे हालत फिलहाल दिल्ली के कुछ इलाकों को छोड़ दे तो नोएडा और गाजियाबाद के इलाकों में देखने को नहीं मिल रहे हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक के मुताबिक दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच बना हुआ है। वही गाजियाबाद में एक्यूआई 245, ग्रेटर नोएडा में 276 और नोएडा में 236 बना हुआ है।

इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार काफी कम स्मॉग देखने को मिल रहा है। हालांकि इसके पीछे वजह ठंड का देर से आना भी बताया जा रहा है। साथ ही चल रही तेज हवा भी प्रदूषण को वातावरण में बहुत देर तक टिकने नहीं दे रही है।

केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह 9 बजे तक औसतन वाले गुणवत्ता सूचकांक 349 अंक बना हुआ है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर गाजियाबाद में 245, ग्रे-टर नोएडा में 276 और नोएडा में 236 अंक बना हुआ है।

दिल्ली के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है। इनमें दिल्ली के जहांगीरपुरी में सबसे अधिक 409 बना हुआ है। राजधानी दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से 400 के बीच में बना हुआ है। आनंद विहार में 378, अलीपुर में 397, अशोक विहार में 389, बवाना में 400, बुराड़ी क्रॉसिंग में 352, मथुरा रोड में 316, द्वारका सेक्टर 8 में 356, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 344, डीटीयू में 311, आईजीआई एयरपोर्ट में 336, आईटीओ में 338, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 216, लोधी रोड में 308, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 369, मुंडका में 389, मंदिर मार्ग में 344, नरेला में 352, नेहरू नगर में 368, नॉर्थ कैंपस डीयू में 363, नजफगढ़ में 356, पटपड×गंज में 366, ओखला फेस 2 में 339, एनएसआईटी द्वारका में 369, आरके पुरम में 368, रोहिणी में 384, शादीपुर में 383, सिरी फोर्ट में 337, विवेक विहार में 372, वजीरपुर में 391 बना हुआ है।

भारत में इस्कॉन पर बैन की उठी मांग

पुरी/एजेंसी। ह्यूस्टन में आयोजित हुई जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ओडिशा के पुरी में स्थित गोवर्धन पीठ ने इस्कॉन पर बैन लगाने की मांग की है। पीठ का आरोप है कि इस्कॉन ने रथयात्रा के संबंध में जो आश्वासन दिए थे, उनका पालन नहीं किया। गोवर्धन पीठ के प्रवक्ता मातृ प्रसाद मिश्रा ने कहा, 'ुस्टन में इस्कॉन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि वे असमय रथ यात्रा का आयोजन नहीं करेंगे। उन्होंने हमारे धर्म के साथ साजिश की है। इस्कॉन ने हाल ही में ह्यूस्टन में जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया था। इस आयोजन में भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के बजाय नंदीघोष की मूर्ति को रथ पर रखा गया था। इसी बात को लेकर ओडिशा में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि इस मामले में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ही कोई फैसला करेगा।

दक्षेस की चुनौतियां और भारत की भूमिका

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस/सार्क) के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिससे पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दर्शाता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है।

पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई दक्षेस देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपर नेशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं। भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है, आम सहमति के बजाय बहुमत आधारित निर्णयों की वकालत कर सकता है, जो अक्सर प्रगति को रोकता है। भारत बिम्सटेक तंत्र के समान सुधारों का प्रस्ताव कर सकता है, जिसने क्षेत्रीय समझौतों में अधिक लचीलापन दिया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है।

बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है। भारत सार्क देशों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति, शैक्षिक आदान-प्रदान और पर्यटन का लाभ उठा सकता है। सदस्य देशों के छात्रों के लिए भारत की सार्क छात्रवृत्ति ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश जारी रखना चाहिए जो पूरे क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाते हैं, व्यापार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को सुविधाजनक बनाते हैं। भारत-नेपाल रेल लिंक परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, भले ही सार्क-स्तरीय पहल ठप हो गई हो। संगठन की चुनौतियों के बावजूद सार्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुधार के अवसर प्रस्तुत करती है। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देकर, क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देकर और संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाकर, भारत सार्क को पुनर्जीवित कर सकता है और दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास की संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

बाकू सम्मेलन अमीर देशों की उदासीनता दूर कर पायेगा ?

ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र का दो सप्ताह का जलवायु सम्मेलन कॉप-29 सोमवार से अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हो गया है। पर्यावरण से जुड़े इस महाकुंभ में भारत समेत लगभग 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों के लिए जलवायु वित्त का नया लक्ष्य तय करने, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान की वृद्धि को सीमित करने और विकासशील देशों के लिए समर्थन जुटाने पर सार्थक एवं परिणामकारी भी चर्चाएं होने की संभावनाएं हैं। साथ ही इसमें पेरिस समझौते के लक्ष्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर समूची दुनिया के देश चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं जलवायु वित्त पर विकसित देशों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और ऊर्जा स्त्रोतों के समतापूर्ण परिवर्तन का लक्ष्य प्राप्त करना होंगी। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआइ) के विशेषज्ञ इस वर्ष के शिखर सम्मेलन से चार प्रमुख परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं- नया जलवायु वित्त लक्ष्य, मजबूत राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं के प्रति तेजी, पिछले वादों पर ठोस प्रगति और नुकसान व क्षति के लिए अधिक धनराशि। विश्व में तापमान बढ़ोत्तरी, 'अल नीनो' व 'ला नीना' के प्रभावों के चलते मौसम की घटनाओं से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। इस बीच एक नए अध्ययन में पूर्वी यूरोप के 10 ऐसे देशों की पहचान की गई है, जो भविष्य में तापमान वृद्धि से सबसे अधिक आर्थिक नुकसान का सामना करेंगे। ऐसे में पूरी दुनिया की निगाहें जलवायु सम्मेलन कॉप-29 में होने वाली चर्चाओं, फैसलों और नतीजों पर टिकी हैं।

कॉप-29 सम्मेलन को पर्यावरण समस्याओं, चुनौतियों एवं बदलते मौसम के मिजाज को संतुलित करने के लिये महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सम्मेलन से दुनिया ने उम्मीदें लगा रखी है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की राह में विकासशील देशों के सामने सबसे प्रमुख अवरोध वित्तीय संसाधनों का अभाव है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद विकसित देशों का योगदान आवश्यक स्तर से कम है। वर्ष 2022 में विकसित देशों ने 115.9 अरब डालर उपलब्ध कराए और पहली बार 100 अरब डालर के वार्षिक लक्ष्य का आंकड़ा पार हुआ। हालांकि यह अभी भी कम है, क्योंकि अगर विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े लक्ष्य हासिल करने हैं तो 2030 तक हर साल दो ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर राशि की आवश्यकता होगी। कर्ज का अंबार विकासशील देशों की राह में एक और बाधा बना हुआ है। तमाम विकासशील देश कर्ज के बोझ से ऐसे कराह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए उनके पास संसाधन बहुत सीमित हो जाते हैं। इसीलिये जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया एक बार फिर बाकू

सम्मेलन कॉप-29 में चर्चा का विषय बन रहा है।

दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। मिस्र में हुए कॉप 27 में नुकसान एवं क्षतिपूर्ति कोष की पहल हुई थी, लेकिन उसमें पर्याप्त योगदान न होने से उसकी उपयोगिता सीमित बनी हुई है। ऐसे में यह उचित ही होगा कि विकासशील देश उस नुकसान एवं क्षतिपूर्ति मुआवजे पर भी जोर दें, जिसकी चर्चा तो बहुत हुई थी, लेकिन उस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए। विकसित देशों की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याओं पर उदासीनता इसलिये भी सामने आ रही है कि विकसित देश कार्बन उत्सर्जन में अपने पुराने और भारी योगदान को अनदेखा करते हुए विकासशील देशों पर जल्द से जल्द उत्सर्जन कम करने के लिए ऐसा दबाव डालते हैं कि वे उनकी गति से ताल मिलाएं। इस प्रकार विकासशील देशों की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं का संज्ञान लिए बिना ही अमीर देशों द्वारा लक्ष्य तय किया जाना भी असंतोष का एक कारण बन रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जलवायु परिवर्तन से उपजी प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं ने उन देशों एवं समुदायों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचाई है, जो ग्लोबल वार्मिंग के लिए अपेक्षाकृत कम जिम्मेदार हैं।

देखा जाए तो आज जीवन के हर पहलू पर जलवायु में आते बदलावों का असर साफ तौर पर नजर आने लगा है। लोगों का स्वास्थ्य भी इससे सुरक्षित नहीं है। बात चाहे आपदाओं के कारण जा रही जानों की हो या इसकी वजह से तेजी से पनपती बीमारियों की, जलवायु परिवर्तन रूप बदल-बदल कर लोगों के स्वास्थ्य पर आघात कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को कहीं ज्यादा संजीदगी से लेने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी के प्रति चेतावनी, जीवाश्म ईंधन की सही कीमत का निर्धारण और घरों में ऊर्जा के साफ सुथरे साधनों का उपयोग सालाना 20 लाख लोगों की जान बचा सकता है। ऐसे में इस शिखर सम्मेलन से ठीक पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी देशों से जीवाश्म ईंधन से अपना नाता तोड़ने का आग्रह किया है। साथ ही सरकारों से आम लोगों को जलवायु में आते बदलावों का सामना करने के काबिल बनाने में मदद करने की वकालत की है।

कॉप-29 से ठीक पहले जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य पर जारी अपनी विशेष रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक नेताओं से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य को अलग-अलग मुद्दों के रूप में देखना बंद करने का आग्रह किया है। ताकि न केवल लोगों के जीवन को बचाया जा सके, साथ ही मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 100 से भी ज्यादा संगठनों और 300 विशेषज्ञों के सहयोग से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को संबोधित करते हुए कॉप-29 पर यह विशेष रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में तीन प्रमुख क्षेत्रों लोग, क्षेत्र और ग्रह से जुड़ी महत्वपूर्ण नीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 360 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जो जलवायु में आते बदलावों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। यह वो क्षेत्र हैं जहां खतरा बहुत ज्यादा है। लोगों के जीवन की रक्षा करने के लिए ऐसी स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार करना जरूरी है जो जलवायु में आते बदलावों का सामना कर सकें और मुश्किल समय में भी लोगों के प्राणों की रक्षा कर सकें। स्वास्थ्य और जलवायु नीतियों का मेल मानव प्रगति एवं आदर्श विश्व संरचना के लिए बेहद जरूरी है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। भारत के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित 11 ऐसे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में हैं। ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, असंतुलित पर्यावरण, जलवायु संकट एवं बढ़ते कार्बन उत्सर्जन जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर धरती की हालत 'मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की' वाली है। इसीलिए कॉप-29 लगातार जलवायु अराजकता की ओर बढ़ रही पृथ्वी को बचाने का माध्यम बनना बहुत जरूरी है। विकासशील देशों को इसके लिए अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, क्योंकि यह न केवल न्याय के दृष्टिकोण से, अपितु मानव अस्तित्व एवं सृष्टि संतुलन के लिहाज से भी बेहद अहम है।

अभी राहुल को मीलों चलना है...!

के विक्रम राव

केंद्रीय गृह मंत्रालय की छानबीन से पता चला कि राहुल गांधी अपनी सभाओं में भारतीय संविधान की फर्जी प्रति दिखाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने (09 नवंबर 2024) इस बात को झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर चुनावी सभा में उजागर भी किया। शाह ने कहा, "राहुल गांधी जनसभाओं में संविधान के नाम पर लाल कवर वाली जो किताब लहराते हैं, उसमें ऊपर भले ही भारत का संविधान लिखा है, लेकिन उसके पन्ने कोरे हैं। वह नकली किताब है। यह भारत के संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान है।" किन्तु मेरी राय में राहुल गांधी पर यह मिथ्याचार का आरोप इसलिए नहीं लग सकता क्योंकि संविधान उनके जन्म से 25 वर्ष पूर्व पारित हुआ था। राहुल का ज्ञान तो केवल अपनी पैदाइश के बाद की घटनाओं तक ही सीमित हैं। राहुल की अनभिज्ञता का एक और नमूना देखिये। यह प्रमाणित तथ्य है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भीमराव आंबेडकर ने प्रस्तावना में "सेक्युलर और सोशलिस्ट" शब्द शामिल करने में पक्षधर नहीं थे। मगर राहुल इसी की पैरोकारी करते हैं। कृपया 17 अक्टूबर 1949 की संविधान सभा की कार्यवाही देख लें। संसद भवन के संदर्भ शाखा अथवा #Google पर देख सकते हैं। गया (बिहार) से निर्वाचित सदस्य बाबू ब्रजेश्वर प्रसाद (संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथी) ने सर्वप्रथम संशोधन प्रस्ताव रखा था कि प्रस्तावना में "हम भारत के लोग" के बाद सेक्युलर तथा सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिए जाएं, नेहरू ने इसे नजरअंदाज कर दिया। आंबेडकर चुप्पी लगा गए। इस संशोधन पर न हाथ उठे, न ध्वनि मत, न डिविजन मांगा गया। इसका कारण था की नेहरू की राय में यदि नए गणराज्य को सेक्युलर स्टेट कह देते तो भारत में बचे मुसलमान मानते कि की राष्ट्रधर्म विरोधी है। संशोधन के प्रस्तावक ब्रजेश्वर प्रसाद धर्मनगरी गया के वासी थे। लखनऊ विश्विद्यालय के पढ़े थे। खेतिहर मजदूरों के पुरोधा थे। आंबेडकर जो, 1942 में अंग्रेजी वाइसराय के मंत्री थे, अपनी मसौदा समिति से इस

संशोधन को मनवा नहीं पाए। कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने परिभाषा दी (9 दिसम्बर 2006) कि "सेक्युलर सोशलिस्ट भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।"

संसद में राष्ट्रवादी मुसलमानों का इस संविधान के प्रति नजरिया कैसा रहा? सैय्यद फजलुर हसन उर्फ हसरत मोहानी ने इस संविधान पर हस्ताक्षर करने ने इनकार कर दिया था। उनकी नजर में ये दस्तावेज त्रुटियों से भरा था। नेहरू स्वयं हसरत मोहानी को मनाते रहे। जिन्ना के इस विरोधी, "इंकलाब जिंदाबाद" का नारा देने वाले, कम्युनिस्ट शायर रहे हसरत मोहानी पर हर हिंदू को नाज है। अतः मूल मसला बनता है कि क्या सात दशक पुराना भारतीय संविधान बदला जाना चाहिए? युगानुसार परिवर्तन का तकाजा क्या वस्तुनिष्ठ नहीं होगा? राष्ट्र कब तक गातिहीन या प्रतिगामी दशा में रहेगा? यह मुद्दा अनंतकुमार दत्तात्रेय हेगड़े ने अपने ढंग से उठाया (दिसंबर 2017)। हेगड़े ने "सेक्युलर" वाला पूर्वसर्ग निरस्त करने की बात की थी। आखिर आंबेडकर और नेहरू ने संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर शब्द लगाया ही नहीं था। वह तो आपातकाल (1975-77) में इंदिरा गांधी ने जोड़ा था। तो क्या भारत पहले पच्चीस वर्षों तक सेक्युलर नही था?

मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबडेकर ने तो राज्यसभा में एक दफा यहां तक कह डाला था, "मैं प्रथम व्यक्ति होऊंगा जो इस संविधान को जला दूंगा" (राज्य सभाः 19 मार्च 1955)। तब पंजाब के कांग्रेसी सदस्य डॉ. अनूप सिंह ने चौथे संशोधन (निजी संपत्ति विषयक) पर चर्चा के दौरान डॉ. आंबेडकर से उनकी भस्म कर डालनेवाली हुंकार पर जिरह भी की थी। सांसद तथा संपादक/सांसद स्वर्गीय के. रामाराव ने राज्यसभा में डॉ. आंबेडकर की संविधान जला डालनेवाली उक्ति पर टिप्पणी की थी, "डॉ. आंबेडकर एक सियासी पहेली, एक मनोवैज्ञानिक गुत्थी तथा मानसिक तौर पर रुग्ण हैं।" यदि आज हेगड़े ने कह दिया होता है कि सेक्युलर संविधान को जला दो तो लोग उन्हीं को भस्म कर देते। आखिर भारतीय संविधान कोई गीता, बाइबिल या कुरान तो हैं नहीं कि जिसमें तब्दीली वर्जित हो। यह तो मानवकृत है। फिर मानव कब से सर्वथा दोषमुक्त हो गया?

नेहरू से मोदी तक के दौर में इसी संविधान को 105 बार संशोधित किया जा चुका है। ताजातरीन वाला है वस्तु एवं सामान्य सेवा कर (जीएसटी) हेतु किया गया संशोधन। इंदिरा गांधी ने तो 42वें संशोधन (1976) द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से ऊपरी पायदान पर संसद को रखा था। तब संसद में कांग्रेस का अपार बहुमत था। सारा विपक्ष जेल में था। तभी संसदीय प्रणाली की जगह राष्ट्रपति पद्धति का प्रस्ताव विचाराधीन था। भला हो जनता पार्टी सरकार का कि दोनों अधिनायकवादी प्रस्तावों को तज दिया गया।

भारतीय संविधान के प्रति मोह पालने वालों को कुछ तथ्य पता चलना चाहिए। केवल 166 दिन में निर्मित इस संविधान के मसौदे पर ही प्रथम चरण में ही दो हजार संशोधन पेश हुए थे। संविधान सभा के सदस्य वयस्क मताधिकार के आधार पर वोटरों के माध्यम से निर्वाचित नहीं हुए थे। प्रांतीय विधान मंडलों के विधायकों द्वारा 1946 में परोक्ष रूप से 292 लोग चुने गए थे। 29 रजवाड़ों ने 70 प्रतिनिधि मनोनीत किए थे। इन सबका जनाधार क्षीण था। हर सदस्य वर्ग हित का रक्षक तथा पोषक था। संविधान बनने के समय दिल्ली की सड़कों पर विपक्ष ने नारा लगाया था-"यह आजादी झूठी है, देश की जनता भूखी है।" नेहरू के तेवर चढ़ जाते थे। मगर आज उनके पडनाती का वही अंदाज है। वैसी ही बात करते हैं।

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?

आरके सिन्हा

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है ।सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, "जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई।" यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे।

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू ''हिंदी - चीनी भाई-भाई'' का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे।

दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्म दिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। संसद के बाहर भी नेहरू को ही घेरा जा रहा था। लोहिया ने 1949 में ही देश को आगाह कर दिया था कि उत्तरवर्ती सीमाओं से देश पर साम्यवाद का खतरा मंडरा रहा है। यह बात उन्होंने खासतौर पर तिब्बत,

नेपाल और सिक्किम में चीन की भूमिका को लक्ष्य करते हुए कही थी। साल 1950 में तिब्बत पर चीन के हमले की निंदा करने वालों में डॉ. लोहिया अग्रणी रहे। इसके बाद से उन्होंने लगातार चीन की सीमा पर नज़र जमाये रखी और नेहरू को खबरदार किया कि चीनी निजाम को उसकी कथनी के हिसाब से देखना-समझना या फिर चीन के साथ सीमाओं को लेकर किसी किस्म के लेन-देन की बातचीत में उतरना ठीक नहीं। साल 1962 में भारत को जो सदमा झेलना पड़ा उसके लिए लोहिया ने नेहरू को बड़ी खरी-खरी सुनायी थी। खैर, नेहरू ने संसद में लंबी बहस के बाद अपना वक्तव्य देना शुरू करते हुए कहा- ''मुझे दुख और हैरानी होती है कि अपने को विस्तारवादी शक्तियों से लड़ने का दावा करने वाला चीन खुद विस्तारवादी ताकतों के नक्शेकदम पर चलने लगा।'' उन्हें सारा सदन पूरी गंभीरता से सुन रहा था। नेहरू जी बता रहे थे कि चीन ने किस तरह से भारत की पीठ पर छुरा घोंपा। पर जब उनके भाषण के बीच किसी सदस्य ने हस्तक्षेप किया तो वे बुरी तरह नाराज हो गए। पहली बार करनाल से सांसद स्वामी रामेश्वरानन्द ने व्यंग्य भरे अंदाज में कहा, 'चलो अब तो आपको भी चीन का असली चेहरा दिखने लगा।' इस टिप्पणी पर नेहरू नाराज हो गए। कहने लगे, ''अगर माननीय सदस्य चाहें तो उन्हें सरहद पर भेजा जा सकता है।'' सदन को भी नेहरू की यह बात समझ नहीं आई। नेहरू प्रस्ताव पर बोलते ही जा रहे थे। तब एक और सदस्य एचवी कामथ ने कहा, ''आप बोलते रहिए। हम बीच में व्यवधान नहीं डालेंगे।''

अब नेहरू विस्तार से बताने लगे कि चीन ने भारत पर हमला करने से पहले कितनी तैयारी की हुई थी। इसी बीच, स्वामी रामेश्वरानंद ने फिर तेज आवाज में कहा, 'मैं तो यह जानने में उत्सुक हूं कि जब चीन तैयारी कर रहा था, तब आप क्या कर रहे थे?'' अब नेहरू अपना आपा खो बैठे और कहने लगे, 'मुझे लगता है कि स्वामी जी को कुछ समझ नहीं आ रहा। मुझे अफसोस है कि सदन में इतने सारे सदस्यों को रक्षा मामलों की पर्याप्त समझ नहीं है।' वे सदन में अंग्रेजी में अपनी बात रख रहे थे। निश्चित रूप से चीन से जंग के कारण वे हताश थे। उन्हें उस जंग की परिणाम ने गहरी चोट पहुंचाई थी। इसलिए वे सदस्यों पर बरसने लगते थे।

बहरहाल, चीन के खिलाफ जंग के 62 साल गुजरने के बाद भी देश उस युद्ध में जो कुछ हुआ, उसे भुला नहीं पाया है। हालांकि तब से की कई पीढ़ियां पैदा हुईं और जवान हो गईं। राजधानी दिल्ली में अनेक सड़कों के नाम जंग में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नामों पर हैं। पर साउथ दिल्ली की ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पहली सड़क थी जो किसी रणभूमि के योद्धा के नाम पर रखी गई थी। यह बात 1963 की है। चीन के साथ हुई जंग के बाद पहले जिस सड़क को लक्ष्मी बाई नगर मार्ग कहा जाता था,वो हो गई ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग। ब्रिगेडियर होशियार सिंह ने चीन के खिलाफ 1962 में हुई भीषण जंग में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वे भारतीय सेना की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े न होने और युद्ध के लिए आवश्यक शस्त्रों के अभाव को उन्होंने आड़े आने नहीं दिया था। उस समय रणभूमि में ब्रिगेडियर होशियार सिंह की शौर्य गाथासुनकर सारे देश में देशभक्ति की भावना पैदा हो गई थी। इसलिए उस युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद राजधानी की एक खास सड़क का नाम उस महान वीर के नाम पर रख दिया गया। होशियार सिंह मार्ग का नामकरण करने के लिए देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री यशवंत राव चव्हाण खुद आए थे। यानी देश ने अपने उस महान शूरवीर की याद में एक कृतज्ञता का भाव प्रकट किया था। अब भी ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग से गुजरते हुए उस महान शूरवीर और 1962 की जंग के यादें ताजा होने लगती हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और सीएम भजनलाल शर्मा ने चौरासी तथा सलूंबर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देश-प्रदेश के सर्वांगिण विकास के लिए संकल्पित: मदन राठौड़

भाजपा सरकार ने आदिवासी बहनों-भाइयों के विकास को दी प्राथमिकता: भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सोमवार को चौरासी और सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान चौरासी में करीबन 700 से अधिक आदिवासी भाईयों ने और सलूंबर में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देश-प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करने के लिए संकल्पित है और सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। सर्वांगिण से तात्पर्य हर वर्ग, हर समुदाय और हर क्षेत्र का विकास करना है और यह मोदी जी की प्राथमिकता में है। वागड क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन इसके लिए इस क्षेत्र की जरूरतों को राज्य और केंद्र तक पहुंचाने के लिए भाजपा का प्रत्याशी विधानसभा में होना जरूरी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर कांग्रेस पार्टी है जिसके नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई से अपने घर भर लिए, भ्रष्टाचार और घोटालों को बढावा दिया। वहीं दूसरी ओर भाजपा की सरकार है जिसने मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ी इलाकों में भी विकास किया। पीएम मोदी ने हर घर शौचालय योजना, आवास योजना में हर क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाया। अब मुख्यमंत्री वागड क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजन करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा तो यहां के आदिवासी भाई-बहनों को रोजगार के लिए बाहर दूसरे राज्यों में जाना नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं, भाजपा ने उन्नत ग्राम के तहत क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए प्रयास कर रही है। भाजपा ने स्कॉलरशीप दी, इससे आदिवासी भाइ-बहनों को शिक्षा में लाभ मिला। अब आगे भी यहां के लोगों भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए यहां से अनुकुल पार्टी का प्रत्याशी विधानसभा पहुंचेगा। पीएम और सीएम को मजबूती प्रदान करने के लिए उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशी को जीताकर भेजना होगा। सलूंबर से स्व. अमृतलाल मीणा को सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित करने के लिए उनकी पत्नी शांता देवी मीणा को विजयी श्री दिलानी होगी। कांग्रेस और बाप पार्टी हमारी संस्कृति, विरासत और इतिहास को दूषित करने के साथ समाज को तोड़ने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए बजट में घोषणाएं की, जबकि यहां के जनप्रतिनिधियों ने कभी भी क्षेत्र के विकास के लिए कोई चर्चा नहीं की। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने 125 करोड़ की लागत से सोम, कमला और अंबा बांध पर फीडर बनाकर जल लाने का काम शुरू किया। इसका लाभ चौरासी के लोगों को भी मिलेगा। भाजपा सरकार ने 11 माह में बागड क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। हमारी सरकार ने पानी, बिजली और रोजगार की दिशा में बेहतर कार्य किया। सरकार ने 90 हजार भर्तियों को कैबिनेट में स्वीकृतियां दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश के गरीब और किसान के दर्द को कभी समझा ही नहीं, इनकी नियत में खोट थी। कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार की, झूठ और लूट की राजनीति की है। इन्होंने कभी गरीब को रोजगार देने की मंशा ही नहीं रखी, क्योंकि ये इनकी पूर्ववर्ती सरकार चाहती तो 90 हजार पदों पर तीन से चार साल पहले ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता था। इन पदों पर भर्ती पहली ही निकाली जा सकती थी। भाजपा सरकार आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए, इनकी शिक्षा, कौशल के लिए कार्य कर रही है। इतना ही नहीं, 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस मनाया जाएगा। सरकार आदिवासी जनजाति नायकों के स्मारक बनाने का भी काम कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यहां से कुछ लोग केवल वोटों की राजनीति करते है लेकिन कभी भी यहां स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करने के लिए चर्चा नहीं करेंगे। यहां के आदिवासी लोगों को शिक्षा तक की व्यवस्था नहीं कर रहे, जबकि उनके बच्चें बाहर शिक्षा प्राप्त कर रहे है। ये लोग जानते है कि अगर आदिवासी शिक्षित हो जाएंगे तो उनकी राजनीति बंद हो जाएगी। इनका प्रयास है कि आदिवासी भाई भटकते रहे और इनकी राजनीति चलती रहे। कांग्रेस और अन्य पार्टी के लोगों ने हमेशा आदिवासियों के साथ कुठाराघात किया है। जबकि आदिवासी भाइयों ने मानगढ धाम में अपने प्राणों को न्यौछावर किया। आदिवासियों ने सदैव सनातन का झंडा ऊंचा रखने का कार्य किया। जब आदिवासी राष्ट्रपति चुनने का अवसर आया तो यहां के नेताओं ने अपने हितों को साधने के लिए दूसरों का साथ दिया। आज जो हमारी संस्कृति को नहीं मानता, उसका अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर कार्य करती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक स्व. अमृतलाल मीणा ने सलूंबर के विकास के लिए कई योजनाओं को सरकार के सामने रखा था, उसके चलते भाजपा सरकार ने यहां पानी के लिए 7 हजार करोड़ का बजट प्रावधान किया। उनकी जनकल्याण की भावनाओं के चलते इस क्षेत्रका विकास संभव होगा और उनके अधूरे कार्यों को शांता देवी मीणा पूरा करेगी। हमारी सरकार जनता को हर साल के कार्यों का हिसाब देगी। उदयपुर में पर्यटन के लिए धार्मिक सर्किट तैयार किया जाएगा। आदिवासी समाज का कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में 13 नवंबर को उपचुनावों वाले क्षेत्रों में सबको पहले मतदान फिर जलपान करना है।

संक्षिप्त समाचार

ओपन स्क्वैश में गोरी ने जीता सिल्वर पदक

चमकता राजस्थान। जयपुर। इन्दौर स्थित डेली कॉलेज में आयोजित सेन्ट्रल इंडिया ओपन स्क्वैश प्रतियोगिता 4 से 8 नम्बर में जयपुर की गौरी जायसवाल ने अंडर 15 वर्ग गर्ल्स में सिल्वर पदक जीत राजस्थान का नाम रोशन किया स्कूल कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि गौरी जायसवाल माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर के कक्षा 8 की स्टूडेंट हैं जिसमें पहले राउंड बाय मिली, प्री क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर, क्वार्टर फाइनल में राजस्थान की पवित अरोड़ा को 11-6,11-0,11-4 से सेमी फ़ाइनल मे अमेरा मेहता को 11-6,11-9,11-8, से हरा कर फ़ाइनल मे जगह बनाई और फ़ाइनल मे महाराष्ट्र की वसुंधरा नागरे 8-11,8-11,11-5,11-2,11-5, से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अशोक वैद, प्रिंसिपल, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ने जीतने पर कोच एवं गौरी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

रणजीत सिंह सोडाला ने खीवसर में भाजपा को जिताने का किया आव्हान

चमकता राजस्थान। जयपुर। पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा व प्रदेश अध्यक्ष रावणा राजपूत समाज राजस्थान रणजीत सिंह सोडाला ने खीवसर विधानसभा क्षेत्र मैं सामाजिक प्रवास पर रावणा राजपूत समाज के बाहुल्य गाँव जैसे खीवसर ,शंकवास , नोखा चांदवता,र ोल,मंगलियावास,ओलाधन मे सामाजिक बंधुओ के साथ बैठक की व (सामाजिक संगठन के तहसील व गॉव स्तर के पदाधिकारियों) उनसे भाजपा को वोट देने की अपील की एवं समाज ने सोडाला को पूर्ण समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन देकर समाज की एकता का परिचय देने का विश्वास दिलाया आश्वस्त किया ओर सरकार से सामाजिक ज्वलंत मुद्दों पर चल रही वार्ता मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मदन राठौड़ से हुई चर्चा का बताया व शीघ्र निस्तारण का सरकार द्वारा दिये आश्वासन का विस्तृत विवरण दिया।

अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने पुष्कर विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

- कार्यकर्ता से हुए रूबरू

चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक /श्रीनगर। अजमेर /पुष्कर अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में आज सघन दौरा किया ,तत्पश्चा मृतक परिवारों के घर पहुंच कर सांत्वना प्रदान की, एवं शादी समारोह में भी शिरकत की ग्रामीणों ने माल्यार्पण साफा पहनाकर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी का अभिनंदन व स्वागत किया।

संत रविदास सेवा विकास समिति के तत्वाधान में आदर्श विवाह सम्मेलन एवं प्रतिमा सम्मान समारोह आज होगा आयोजित

चमकता राजस्थान। नगर (राजवीर सिंह)। संत रविदास सेवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष लाल चंद तेनगुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति संत रविदास सेवा विकास समिति के तत्वाधान में दसवां सर्व समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिमा सम्मान समारोह डीग जिले के नगर कस्बे में आज 12 नवम्बर एकादशी मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरतपुर लोकसभा सांसद संजना जाटव एवं विशिष्ट अतिथि आरसी वर्मा एलआईसी विकास अधिकारी भरतपुर,रामावतार फल वाले, आशा देवी सहायक छात्रावास अधीक्षक रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आरिफ खान प्रधान पंचायत समिति नगर, डीग करेगें। प्रदेश अध्यक्ष लाल चंद तेनगुरिया ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पधारकर कार्यक्रम में शोभा बढ़ाने की अपील की है।

आगरा मंडल में माह अक्टूबर -2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने (ACP) वाले 111 लोंगो पर कार्यवाही

चमकता राजस्थान। आगरा संवाददाता। आगरा मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में आगरा मंडल में माह अक्टूबर -2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने (अउढ) वाले 111 लोंगो पर कार्यवाही करके 9660/- रूपये जुर्माना वसूला गया। आगरा मण्डल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के क्रम में आगरा मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है। जिसमें अक्टूबर -2024 में आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 53, आगरा किला स्टेशन पर 05, मथुरा जंक्शन पर 38, कोसीकलां स्टेशन पर 5 व धौलपुर स्टेशन पर 04 लोंगो पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है। कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें, ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त कृत्य से आपके साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले की हुई शुरुआत

चमकता राजस्थान

- कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने किया झंडा रोहण
- 12 नवंबर को होगा पुष्कर मेले का शुभारंभ

रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर/पुष्कर 12 नवंबर एकादशी स्नान पर पुष्कर मेले की होगी शुरुआत शनिवार को अजमेर के कैबिनेट जल संसाधन मंत्री ने वैदिक मंत्रो से पूजन करके एवं राष्ट्रीय गान करके झंडा रोहण करके मेले का किया शुभारंभ।सभी घाटों पर दिप दान कीया गया, व सात घाटों पर सरोवर की महाआरती करके प्रदेश वासियों को पुष्कर मेले की दी शुभकामनाएं ।प्रशासन को बंदोबस्त करने के दिए दिशा निर्देश , यात्रियों को परेशानियां नहीं हो वह घाटों पर चिकित्सा व्यवस्था एवं स्नान करने हेतु सुविधा की जा रही है। झंडा रोहण में उपस्थित जिला कलेक्टर लोकबंधु, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, पुष्कर सभापति कमल पाठक, पुष्कर नगर निगम आयुक्त कीर्ति कुमावत,, , मेला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार मित्तल, अधिकारी, डॉक्टर सुनील कुमार अउट ज्योति, गजेंद्र सिंह, ग्रामीण सीईओ, घनशचाम राठौड़, एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेऔर मेले व्यवस्था देखी, विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने राजस्थान लोकगीत पर सुंदर प्रस्तुतिया दी। सभापति कमल पाठक ने बताया कि पुष्कर मेले आयोजन को लेकर तमाम जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन व्यवस्थाएं देख रहे हैं । मेले में कई प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। ।15 नवंबर पूर्णिमा स्नान पर मेले के समापन पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा ।

उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के कुशल निर्देशन में दे रहा है अपने कर्तव्यों का निर्वहन

- जोन-07 हिरा नगर-ए, भूखण्ड़ सं. 25 आवासीय भूखण्ड़ पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध 09 दुकानों की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गयी

चमकता राजस्थान। जयपुर।(खलील कुरैशी) 11 नवम्बर। जोन-07 हिरा नगर-ए, भूखण्ड़ सं. 25 आवासीय भूखण्ड़ पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध 09 दुकानों की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गईउप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने बताया कि प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा जोन-07 क्षेत्राधिकार में अवस्थित हिरा नगर-ए, भूखण्ड संख्या-25 आवासीय भूखण्ड़ पर सेटबेक बायलॉज का गंभीर उल्लघंन कर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ 09 अवैध दुकानों का निर्माण किये जाने पर अवैध निर्माणकर्ता को जविप्रा अधिनियम की धारा 32, 33 के नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर दिनांकः 11.11.2024 को उक्त अवैध व्यावसायिक दुकानों को इंजिनियरिंग विंग की मदद से ईटों की दीवार चुनवाकर शटरों पर ताले, सील, चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गयी।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-07 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते लेबर, गार्ड एवं उपायुक्त जोन-07 कार्यालय में पदस्थापित राजस्व/तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गयी। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हैल्पलाईन नं. 0141 2565800,0141 2575151, 0141 2575252 पर 24७7; हैल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरियेई-मेलCCE.JDA@RAJASTHAN.GOV.IN&ECFORCEMENT.JDARAJASTHAN.GOV.IN पर अवैध निर्माण / कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि शिकायत / परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

धौलपुर जिले में पूरे राजस्थान के ठगी पीड़ित निवेशकों की महा पंचायत 15 नवंबर 24 को चम्बल घाट पर

चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर जिले में पूरे राजस्थान के ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के तपजप संगठन की विशाल महापंचायत दिनांकः-15 नवंबर 24 को धौलपुर के चम्बल घाट पर होगी। धौलपुर से विशाल सिंह ने बताया कि पूरे राजस्थान के सभी ठगी पीड़ित जमा करता, एवं अभिकर्ता भाग लेंगे, उदयपुर के जिला अध्यक्ष बंशीलाल एवं खेरवाड़ा उपखण्ड अध्यक्ष थावरचंद ने बताया कि चिटफंड कंपनियों से ठगी के शिकार सभी महिला- पुरुष-५बच्चों की उपस्थिति इस महापंचायत में आवश्यक है। क्योंकि सभी साथियों की उपस्थिति होगी तब ही अंधी-बहरी- गूंगी सरकार को जगाने में सफल हो सकेंगे। मदनलाल आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद सेन अध्यक्ष ने सभी ठगी पीड़ित निवेशकों से अधिक से अधिक संख्या में महा पंचायत में सहभागिता हेतु आग्रह किया है।

धौलपुर की 'हर घर शिक्षा' टीम को जयपुर में मिला समर्पण युवा जागृति अवार्ड 2024

चमकता राजस्थान

धौलपुर(रामदास तरुण)। धौलपुर जिले की 'हर घर शिक्षा - घर घर शिक्षा' टीम ने शिक्षा की और समाज कल्याण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सिद्ध कर दिखाया है। टीम को राजधानी जयपुर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव अवार्ड समारोह में 'समर्पण युवा जागृति अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया।

टीम के फाउंडर और अध्यक्ष 19 वर्षीय रोहित मीणा, जिन्होंने अपने युवा साथियों राहुल, गोरी, रामकरण और देवेंद्र के साथ इस अवार्ड को ग्रहण किया। रोहित और उनकी टीम ने शिक्षा के प्रचार- प्रसार और समाज के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों के जरिए जिले में एक अलग पहचान बनाई है। टीम ने हाल ही में खेलों की ओर भी कदम बढ़ाया, जिसके अंतर्गत एक स्किल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो चर्चा का विषय बनी रही। समर्पण संस्था द्वारा आयोजित इस अवार्ड समारोह में प्रमुख अतिथि और सम्मानित हस्तियों ने टीम 'हर घर शिक्षा' के समाज सेवा और शिक्षा में योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश के कुलाधिपति के. एल. बेरवाल, और अध्यक्षता जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने की।

अतिरिक्त रूप से, इस कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. बी. एल. जाटावत और वरिष्ठ समाजसेवी ज्योति कुमार माहेश्वरी सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भाग लिया।

धौलपुर की इस टीम की उपलब्धि ने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिखाया है।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश का एक दिवसीय धौलपुर दौरा: कई अहम निरीक्षण, अपराध गोष्ठी और जनसुनवाई का आयोजन

चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)। धौलपुर जिले में पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश कद्दर आज, 12 नवंबर 2024 को धौलपुर जिले का एक दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जानकारी दी कि राहुल प्रकाश पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर, वृत्ताधिकारी वृत्त शहर धौलपुर और पुलिस थाना निहालगंज का वार्षिक निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण वर्ष 2023-24 के तहत किया जाएगा। इसके अलावा, राहुल प्रकाश उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी भी आयोजित करेंगे, जिसमें जिले में अपराध की स्थिति पर चर्चा की जाएगी और आगामी रणनीतियों पर विचार किया जाएगा। इस दौरे के दौरान, पुलिस महानिरीक्षक दोपहर करीब 12:00 बजे कार्यालय पुलिस अधीक्षक धौलपुर में परिवादियों की जनसुनवाई भी करेंगे, जहां लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे उनके सामने रख सकेंगे। इस कार्यक्रम से पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ेगा। और स्थानीय मुद्दों पर तत्परता से समाधान प्राप्त किया जाएगा।

अजमेर ग्राम विकास अधिकारी संघ पंचायत राज पहुंचे मृतक ग्राम विकास अधिकारी ओम प्रकाश लखारा के घर

चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक /श्रीनगर। अजमेर/ नसीराबाद पंचायत समिति जवाजा के ग्राम विकास अधिकारी की अचानक तबीयत बिगड़ जाने से 4 दिन भर्ती रहने के बाद 2 नवम्बर को मुत्यू हो जाने से ग्राम विकास अधिकारी संघ में शोक की लहर छाई। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विर सिंह चौहान ने अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति के ग्राम विकास अधिकारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह रावत, अजमेर ग्रामीण के सहायक विकास अधिकारी वीमल चौहान, सेवानिवृत्ति ग्राम विकास अधिकारी राम सिंह रावत ने मृतक के परिवार के घर में पहुंचकर सांत्वना दी ग्राम विकास अधिकारी संघ मृतक परिवार के साथ है और और भी कोई कार्य होगा तो मजबूती से ग्राम विकास अधिकारी संघ साथ खड़ा रहेगा, मृतक परिवार के तीन पुत्रीया व एक विकलांग पुत्र है जिसमें दो पुत्रियां शादीशुदा है वह एक पुत्री अविवाहित हैं'

देवोत्थान एकादशी अंजनी माता मेला

चमकता राजस्थान

करौली! राजस्थान कि एक मात्र ऐसी प्रतिमा है जिसने हनुमानजी के बाल रूप को गोदी में ले रखा है) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में देवोत्थान एकादशी को प्रतिवर्ष अंजनी माता का राजस्थान में एकमात्र मेला जिला करौली में भरता है।हनुमान जी की माता अंजनी का मंदिर करौली जिला मुख्यालय से हिण्डोन मार्ग पर पांचना पुल केपासरबीरवासरगांव में 750 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है।करौली (कल्याण नगरी) की स्थापना(1348)मे यादव राजा अर्जुन पाल के द्वारा की गई इसी के साथ अंजनी माता के मंदिर का निर्माण (1348) में ही नगर की उत्तर दिशा में पहाड़ी के ऊपर महाराज अर्जुन पाल (1327 से 1361) के द्वारा कराया गया यादव वंश व जादौनो की कुलदेवी होने के कारण करौली की स्थापना के साथ ही अंजनी माता के मंदिर की प्रतिष्ठा की गई अंजनी माता की प्रतिमा संगमरमर से बनी है। प्रतिमा ने बाल हनुमान जी को गोदी में बैठा रखा है अंजनी माता मंदिर के चारों ओर परकोटे का निर्माण महाराज धर्मपाल द्वितीय ने (1708) में करवाया था। मंदिर की सेवा पूजा करौली का हरदैनिया ब्राह्मण परिवार करता है यह मंदिर रबिरवासरनामक गांव में पांचना नदी के किनारे पहाड़ी पर बना हुआ है अंजनी माता मंदिर की पहाड़ी के नीचे हनुमान जी का मंदिर है ऐसी मान्यता है कि हनुमानजी की प्रतिमा इसी स्थान से निकलने के कारण इसे पाताली हनुमान जी कहते हैं। विभिन्न इतिहासकारों के अनुसार अंजनी माता के मंदिर के पास ही यदुवंशी सेना की छावनी थी जहां

पर भी अनेक मकान खंण्डर और अवशेष के रुप में स्थित हैं। छावनी को रबीरवासरकहते हैं जिसका नाम परिवर्तित होकररबिरवासरहो गया समय-समय पर हुई लड़ाई में शहीद हुए वीर सैनिकों की स्मृति में इस क्षेत्र में अनेक छतरियां स्मारकों के रूप में बनी है पांचना पुल के पास भी कुछ छतरियां देखी जा सकती हैं।देवोत्थान एकादशी के दिन लगने वाले मेले में क्षेत्रिय लोगों की संख्या अधिक होती है। लोक मान्यता के अनुसार कान की बीमारी से पीड़ित लोग ठीक होने पर अंजनी माता की मनौती मनाते हुए यहां पर मेले में आते हैं।मेले में आने वाले भक्त यात्री पांचना बांध में पुल के पास बने हुए घाटों पर स्नान कर अंजनी माता और पाताली हनुमान जी के दर्शन कर मेले का आनंद लेते हैं मेले के दौरान लकड़ी के खिलौने, लडडू ,जलेबी, गन्ना,सिंघाड़ा, शकरकंदी ,लकडी का ऐक बिशेष प्रकार का बच्चों का खिलोना(रहडू)और देवी की पूजा की सामग्री की दुकानें लगती है।

रियासत काल मे मेला

रियासत काल से चल रहे इस मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होता था जिसमें क्षेत्र के ख्याति प्राप्त पहलवान भाग लेते थे उस समय प्रतिवर्ष राजा की सवारी का जुलूस राज महल से चलकर अंजनी मेले में पहुंचने के बाद राज्य घोषित पहलवानों की कुश्तियां करवाई जाती थी महाराज भोमपाल के समय हनुमान अखाड़े के रउमरदीनर एवं मिर्जा अखाड़े के रभोलानाथरप्रमुख प्रतिद्वंदी पहलवान थे पंजाब के सरदार रबीसा सिंहर करौली के नाम से ही सर्वत्र कुश्ती लड़ते थे। स्थानीय लोगों ने (टोपा वाले) पहलवान कहते थे। अपने बालों के जूड़े की रक्षा के लिए बे (टोपा) पहन कर कुश्ती करते थे। स्वयं राजा की मौजूदगी में कुश्तियां होती थी विजयी पहलवानों को राजा द्वारा पुरस्कृत किया जाता था अब मेले की व्यवस्था मांची ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन भी ग्राम पंचायत मांची के द्वारा किया जाता है लेकिन अब ना तो पहले जैसा पहलवानों में जोश रहा और ना आयोजकों में आयोजन का जज्बा रहा मात्र परंपराओं का निर्वहन किया जाता हैंकरौली रियासत के यदुवंशी और जादौन जो रोजगार के लिए बाहर चले गए उनके वंशज अपनी कुलदेवी अंजनी माता को पूजने प्रतिवर्ष देवोत्थान एकादशी पर यहां आते हैं आजकल कैला मैया के भक्त अंजनी माता व पाताली हनुमान जी के दर्शन का लाभ प्राप्त कर अपने आप को धन्य समझते हैं भक्तों की निरंतर बढ़ती संख्या व अंजनी माता के आकर्षण को देखते हुए राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने करौली हिण्डोन मुख्य सड़क से मंदिर तक सड़क निर्माण करवा दी गई है पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र के विकास की असीमित संभावनाएं हैं।

'भाजपा सरकार की अक्रमण्यता से जनता ने बनाई दूरी' उप चुनाव में मिलेगी शिकस्त :डोटासरा

जयपुर/एजेंसी।

राजस्थान में चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी तथा कानून व्यवस्था कायम रखने में विफल भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिय भजनलाल शर्मा को खाली कुर्सियों के सामने भाषण देकर संतोष करना पड़ रहा है। उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं से जनता ने दूरी बना ली है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में सातों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हार रही है।

उक्त विचार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश में होने वाले उपचुनावों की समीक्षा के अवसर पर व्यक्त किए। डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता से एमएसपी पर बाजरे की खरीद करने, गेहूं पर एमएसपी पर बोनस देकर 2700 रुपये में खरीद करने, किसान सम्मान निधि बढ़ाकर 12000 रुपये देने, 1500 रुपये पेंशन देने सहित अनेक वादे किए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद नहीं होंगी। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के दाम पड़ोसी राज्य हरियाणा के बराबर किए जाएंगे, किसानों की भूमि नीलाम नहीं होगी, किन्तु

भारतीय जनता पार्टी के 10 माह के शासन में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना, इंदिरा रसोई योजना, किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली के बिल में छूट देने की योजना,

पशुधन स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अनेक योजनाएं या तो बंद हो गई अथवा ठण्डे बस्ते में डाल दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ना तो पड़ोसी राज्य के बराबर पेट्रोल-डीजल के दाम किए, ना ही किसान सम्मान निधि बढ़कर 12000 रुपये हुई, ना ही एमएसपी पर बाजरे की खरीद हुई और ना ही पेंशन 1500 रुपये हुई बल्कि प्रदेश में लाखों लोगों को कई महिनों से पेंशन नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समीक्षा के नाम पर स्कूल कॉलेज बंद कर रही है तथा नए बने जिलों को निरस्त करने की तैयारी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने एक भी जनकल्याणकारी फैसला नहीं किया बल्कि ईआरसीपी और यमुना जल के नाम पर प्रदेश के हितों को पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश एवं हरियाणा के समक्ष बेचने का कार्य किया है, इसीलिए भाजपा की सरकार इन प्रदेशों के साथ किए गए एमओयू को सार्वजनिक नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के विरूद्ध अनर्गल बयानबाजी कर अपमानित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संभावित हार के मद्देनजर प्रचार अभियान से दूर रखा है किन्तु प्रदेश की जनता अपने वरिष्ठ नेताओं का अपमान नहीं सहेगी और भारतीय जनता पार्टी को उपचुनावों में सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें का मुआवजा तो किसानों को नहीं दे सकी किन्तु प्रदेश के कृषि मंत्री जो पिछले तीन माह से इस्तीफा देने का प्रपंच रच रहे थे उसके दबाव में परिवारवाद के मुद्दें को ताक पर रख उनके भाई को उपचुनावों में टिकट जरूर दे दिया किन्तु दौसा की जनता ने आम कार्यकर्ताओं एवं किसानों के हितों के विपरीत कार्य करने वाले किसान कर्जमाफी पर किसानों को कर्ज लेकर नहीं चुकाने की आदत बता कर किसानों का अपमान करने वाले कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी मीणा को सबक सिखाने हेतु उनके भाई के विरूद्ध मतदान करने का विचार बना लिया है। डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार की विफलताओं एवं अकर्मण्यता के कारण पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि विधानसभ उपचुनावों में सातों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहेंगे।

मोतिहारी में पुलिस पर हमले के बाद ताबड़तोड़ छापामारी, 12 गिरफ्तार, सौ पर प्राथमिकी

मोतिहारी/एजेंसी। बिहार के पूर्वी चंपारण में डुमरियाघाट में पुलिस टीम पर हमले के बाद क्लोज सर्किट टेलीविजन कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपितों की पहचान की है। पुलिस की टीम कानून हाथ में लेकर पुलिस पर हमला करनेवालों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में दूसरे दिन रविवार की सुबह तक कुल 12 लोग पकड़े गए हैं। घटना की बाबत जमादार धर्मेंद्र कुमार के बयान पर 100 नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले में दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गिरफ्तार किए गए सभी 12 लोगों को आवशयक कानूनी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए जानेवालों में रम्पुरवा निवासी हीरा महतो, बुचाई महतो, कारी महतो, मोहन महतो, हरेराम महतो, वीर किशोर महतो, अशोक कुमार, धनेश्वर महतो, विकास कुमार, झुन्ना कुमार व सतोष कुमार शामिल हैं। बता दें कि 09 नवंबर यानि शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित मैजिक वाहन की चपेट में आकर रम्पुरवा निवासी जयनारायण बैठा, सूरज कुमार और चिरैया निवासी रंजीत बैठक जख्मी हो गए थे। घायलों को इलाज के लिए भेजने के साथ ग्रामीणों ने चालक को बंधक बना लिया था। साथ ही वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया था। इस बीच, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने चालक को ग्रामीणों की गिरफ्त से मुक्त कराया था। लोग इलाज का खर्च व मुआवजा दिए बिना चालक को ले जाने से नाराज हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर उसे घेरने की कोशिश की।

टंकी बनी काल!

एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत, इलाके में मचा कोहराम

भागलपुर/एजेंसी। भागलपुर से दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। 15 मिनट के अंदर एक-एक करके तीनों की मौत हो गई। मृतकों में पति, पत्नी और साढ़ू शामिल हैं। यह घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोदीनगर इलाके का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, शौचालय में पाइप लगाने के दौरान औजार टंकी में गिर गया, जिसे निकालने के दौरान यह हादसा हुआ। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बता दें कि इस हृदयविदारक घटना में सबसे पहले शौचालय की टंकी में उतरे पुनीत यादव नाम के व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। उसके बाद उसकी पत्नी उसे बचाने के लिए टंकी में घुसी और उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद पुनीत के साढ़ू ने दोनों को बाहर निकालने के लिए टंकी में प्रवेश किया तो उसकी भी मौत हो गई। इस तरह से एक-एक करके तीनों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। आसपास के लोग मृतकों के परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। मृतकों की पहचान (35) वर्षीय पुनीत यादव, उसकी (33) वर्षीय पत्नी शाखो देवी और उनका (45) वर्षीय साढ़ू दीनानाथ यादव के रूप में हुई है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूदा लोगों की मदद से सभी को टंकी से बाहर निकाला, लेकिन, तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

झारखंड में आपकी बेटी सेफ हो, जमीन सेफ हो ऐसी सरकार बनाना है : नरेंद्र मोदी

हमेशा से एससी, एसटी एकता की घोर विरोधी रही है कांग्रेस : मोदी



बोकारो।

झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बोकारो और गुमला में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने जनता से भाजपा, आजसू , जदयू और एलजेपी के प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जीताने की अपील की। इसी के साथ वह बोले, 'झारखंड में आपकी बेटी सेफ हो, जमीन सेफ हो ऐसी सरकार बनाना है। धारा 370 को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा में फिर से कांग्रेस ने 370 लाने का प्रस्ताव पास किया है। ये हमारी सैनिकों को फिर से आतंक के आग में झोंकना चाहते है। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे इसलिए कहा गया है। इस चुनाव के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने बाबा साहब के संविधान की शपथ ली है। कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू नहीं होता था।

इनके हर भ्रष्टाचार का हिसाब चुकता करेगी बीजेपी सरकार

गुमला में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जेएमएम - कांग्रेस को आपके सुख और सुविधा से कोई लेना देना नहीं है, ये अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त हैं। झारखंड में कोई ऐसा एग्जाम नहीं, कोई पेपर नहीं जो लीक नहीं हुआ है। भाजपा और एनडीए सरकार इनके हर भ्रष्टाचार का हिसाब चुकता करेगी।

कांग्रेस-जेएमएम की साजिश से रहना है सतर्क

वहीं बोकारो रैली से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह ओबीसी की ताकत को तोडना चाहती है। उन्हें अलग-अलग जाति में बांटना चाहती है। इससे पहले कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाती थी और जनता को लूटती थी। वह हमेशा से एससी, एसटी एकता की घोर विरोधी रही है।कांग्रेस-जेएमएम की एक बहुत बड़ी साजिश से सतर्क रहना है। अब बिजली के लिये सरकार आपको पैसा दे रही है। आप अपने घर पर सोलर पैनल लगाएंगें।

पीएम मोदी ने दिया आंकड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'एक आंकड़ा देता हूं, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आज से 10 साल पहले 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बैठाया था। तब उस समय केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से केवल 80,000 करोड़ रुपये दिए थे। 2014 के बाद दिल्ली में सरकार बदली। आप सबने दिल्ली और केंद्र में आपके इस सेवक मोदी को सेवा करने का अवसर दिया। केंद्र में भाजपा-एनडीए की सरकार बनी तो 10 साल में हमने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक झारखंड को दिया।हमने ये ज्यादा पैसा क्यों भेजा? क्योंकि झारखंड हमने बनाया है तो हम ही तो इसे सवारेंगे।'

"नवीन युवानीति 2024" का मसौदा तैयार

- **प्रदेष में युवाओं का होगा सर्वागीण विकास- डॉ. नीरज कुमार पवन**
- **20 नवम्बर, 2024 तक मांगे गये है सुझाव**

चमकता राजस्थान। जयपुर। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की बिन्दु संख्या 51-की क्रियान्विति हेतु युवाओं के सर्वागीण व्यक्तित्व विकास, उन्हे प्रोत्साहित करने तथा उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने की दृष्टि से ''नवीन युवा नीति 2024'' की घोषणा की गई थी।

शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार एवं अध्यक्ष, राजस्थान युवा बोर्ड डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया की इस घोषणा की पालना में प्रस्तावित नवीन युवा नीति, 2024 में कौषल, षिक्षा गुणवत्ता, चिकित्सा स्वास्थ्य, उधमियता, स्वरोजगार, व्यक्तित्व विकास, कला एवं सस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय में राज्य के युवाओं का सक्षम एवं सषक्त किया जाना है, जिससे प्रदेष में युवा विकास में गति मिलेगी।

इस नवीन युवा नीति के मसौदा विभिन्न युवाओं के संगठन/संस्थान/आमजन आदि के प्रतिक्रिया/सुझाव के लिए राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइड पर पर उपलब्ध है साथ ही ''नवीन युवा नीति 2024'' के प्रारुप को महत्वपूर्ण सुझाव दिनांक 20-11-2024 तक राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईड ऑनलाइन, विभाग की ई-मेल rajasthan.yb@rajasthan.gov.in या डाक के द्वारा भिजवाया जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

10 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

अररिया । बथनाहा एसएसबी जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर आज अररिया के नरपतगंज रेलवे ओवरब्रिज के पास 10 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर को एसएसबी नरपतगंज थाना ले गई, जहां उससे पूछताछ किया गया बताया जा रहा है कि तस्कर नेपाल से गांजा तस्करी कर सीमा के रास्ते नरपतगंज से बाहर जाने की फिराक में था। बथनाहा एसएसबी जवानों के स्पेशल टीम ने नरपतगंज थाना क्षेत्र के नरपतगंज बाजार रेलवे ओवर ब्रिज के समीप 10 किलो गांजा के साथ पैदल जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां थाना लाकर गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की गयी. पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्कर में स्पेशल टीम के जवानों को कई अहम जानकारी दी गयी और वही, प्राथमिकी दर्ज करते हुए नरपतगंज पुलिस को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार तस्कर में मानसी खगड़िया निवासी रोशन कुमार बताया जा रहा है। इस मामले के संदर्भ में थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि एसएसबी जवानों के द्वारा 10 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को पकड़ सुपुर्द किया गया है. प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार तस्कर से आवश्यक पूछताछ के बाद उसे अररिया न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

अररिया। एसपी अमित रंजन के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना पुलिस की ओर से सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नेशनल हाइवे सहित स्टेट हाइवे और शहर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों का चेकिंग किया गया।जरूरी दस्तावेज और बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले बाइक सवारों से जुमार्ने की राशि वसूली गई।इसके अलावे सड़क पर चलने वाले चार पहिया वाहनों का भी जांच किया गया।जिला मुख्यालय सहित फारबिसगंज और जोगबनी बाजार में भी पुलिस की ओर से अचानक चले वाहन जांच अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।पुलिस बिना हेलमेट पहने बाइक सवार के साथ चार पहिया वाहनों में बिना बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों और बगल के सीट पर बैठे सवारों की जांच के साथ गाड़ी की डिक्की की जांच की गई।

पांच हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले में चकिया डीएसपी के नेतृत्व में केसरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए दो लूट कांड का वांटेड अपराधी को छतौनी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गोलू कुमार पर एसपी 5 हजार का इनाम घोषित किये थे। बताया गया है कि गोलू के विरुद्ध केसरिया थाने में इसी साल लूट एवं डकैती का प्रयास सहित आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज कराए गए थे। जिसमे वह लगातार फरार चल रहा था , जिसको लेकर उसके विरुद्ध 5 हजार नगद इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस टीम में डीएसपी सतेंद्र कुमार सिंह , केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार , एसआई शम्भू कुमार यादव , पीएसआई ओम पाल , अभिषेक कुमार उपाध्याय , श्रवण कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

गाड़ी की चपेट में आने से पुलिस ट्रैफिक सार्जेंट गंभीर रूप से घायल

कोलकाता। लापरवाह गाड़ी के शिकार एक ट्रैफिक सार्जंट। गाड़ी की चपेट में आने से कोलकाता पुलिस का एक ट्रैफिक सार्जेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। विद्यासागर ट्रैफिक गार्ड में कार्यरत ट्रैफिक सार्जेंट प्रकाश घोष। रविवार रात 11 बजे ड्यूटी से घर जाते वक्त हुआ हादसा। ड्यूटी से घर लौटते वक्त करिया थाना क्षेत्र के पार्कसर्कस इलाके में एक शॉपिंग मॉल के सामने यह हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार गाड़ी ने पीछे से सार्जंट की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गए। बताया गया है कि बाएं कंधे, पीठ, घुटने और पैर में चोट आई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अभी तक धक्का गाड़ी की पहचान नहीं हो पाई है। ट्रैफिक सार्जेंट ने पहले ही करिया थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। संयोग से, 11 जुलाई की रात को कैमैक स्ट्रीट और मिडलटन स्ट्रीट के चौराहे पर एक तलाशी अभियान के दौरान भागते समय 3 पुलिस अधिकारियों को एक लापरवाह गाड़ी ने टक्कर मार दी थी।

वन मंत्री बिरबाहा हांसदा को कई विकास प्रस्ताव

कोलकाता। अलीपुरद्वार जिले के मदारीहाट में चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल के फालाकाटा टाउन ब्लॉक ने वन मंत्री बीरबाहा हांसदा को विकास का प्रस्ताव दिए। प्रस्तावों में बेहल कुंजनगर इको पार्क, फालाकाटा पार्क का नवीनीकरण, मुजनाई नदी में नौकायन और नदी के किनारे पर्यटकों के लिए कॉटेज का निर्माण शामिल है। अभी चुनाव आचार संहिता चल रही है। इसीलिए मंत्री ने मतदान के बाद दिसंबर में प्रस्तावों पर विचार करने का वादा किया है।

उपचुनाव में 6 तृणमूल उम्मीदवारों को जिताएंगे व काम करेंगे: मुख्यमंत्री

संवाददाता

कोलकाता। पार्टी नेत्री और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में तृणमूल उम्मीदवारों को जिताने का आबेदन किये। दार्जिलिंग की तीन दिवसीय यात्रा से पहले सोमवार दोपहर हवाई अड्डे पर खड़े होकर उन्होंने कहा, "बांग्ला के लोगों को धन्यवाद, आप हमेशा हमारे साथ रहे हैं। इस उपचुनाव में भी उन्हें जिताओ। विकास कार्य होंगे। जो पहले से विधायक और सांसद हैं, वे काम कर रहे हैं। इस बार नये लोगों के हाथों काम बेहतर ढंग से होगा।"

सोमवार को दमदम हवाईअड्डे से बागडोगरा रवाना होने से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "सिताई, मदारीहाट, मेदिनीपुर, नैहाटी, हरोआ, तालडांगरा में 13 तारीख को उपचुनाव। सिथाई में संगीता, मदारीहाट में जयप्रकाश, मेदिनीपुर में सुजॉय, नैहाटी में सनथ, हारोआ में रबीउल और तालडांगरा में फाल्गुनी सिंहबाबू हमारी पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। वे सभी काम करते थे। मैं सभी माताओं-बहनों से कहना चाहती हूं कि हमारे उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताएं। मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आप हमेशा हमारे साथ रहे, हम पर भरोसा किया। इस बार भी प्रत्याशियों को जियाये। विकास को गति देने में मदद करें। ममता ने अपने दार्जिलिंग दौरे के बारे में भी बताया। कुछ कार्यक्रमों के साथ वहां रवाना होने से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा, "मैं लंबे समय बाद दार्जिलिंग जा रही हूं। विभिन्न कारणों से ऐसा नहीं हो सका। मैं लोकसभा चुनाव के दौरान भी नहीं जा सका। कार्शिओंग तक गये। अनीता (अनित थापा) ने वहां सारा काम किया है। इस बार वह कई कार्यक्रमों के साथ दार्जिलिंग जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को जीटीए व अन्य विकास बोर्डों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन बुधवार को दार्जिलिंग के चौरास्ता में सरस मेले का उद्घाटन करेंगे। वह अगले दिन कोलकाता लौटेंगे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अरूप विश्वास।

हाई कोर्ट ने खारिज की संदीप घोष की जमानत याचिका

एजेंसी

कोलकाता। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष को कलकत्ता हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिली है। उनके जमानत आवेदन पर सुनवाई किए बिना ही सोमवार को जस्टिस तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्हें जमानत के लिए निचली अदालत में आवेदन करना होगा। यह फैसला आर.जी. कर के वित्तीय घोटाले से जुड़े मामले में आया है, जिसमें संदीप घोष मुख्य आरोपित हैं।

संदीप घोष के वकील ने अपने आवेदन में बताया कि 21 अक्टूबर को सीबीआई को उन्हें निचली अदालत में पेश करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके आधार पर उन्होंने संदीप घोष को जेल में रखने को अवैध बताया। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया और निर्देश दिया कि इस मामले में निर्णय केवल सीबीआई की विशेष अदालत ले सकती है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के वित्तीय घोटाले की जांच सीबीआई की भ्रष्टाचार निवारण शाखा कर रही है। इस मामले में संदीप घोष पर मेडिकल कचरा, टेंडर और मेडिकल उपकरणों के संदर्भ में अनियमितताओं का आरोप है। सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद संदीप घोष को गिरफ्तार किया था।

उपचुनाव : प्रचार के दौर में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मुद्दे व समस्याओं पर फोकस

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार के अंतिम चरण में विपक्षी दलों ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते आपराधिक घटनाओं को राज्य सरकार के खिलाफ मुद्दा बनाने की कोशिश की है। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। इस प्रचार में विपक्षी नेताओं ने विभिन्न स्थानीय मुद्दों को भी उठाया है। पश्चिम बंगाल की जिन छह सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें से एकमात्र मदारीहाट सीट भाजपा के कब्जे में है। इस क्षेत्र में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दूसरी बार जाकर प्रचार किया। वीरपाड़ा में आयोजित सभा में उन्होंने बंद चाय बागानों, चाय श्रमिकों की स्थिति और मेडिकल कॉलेज के निर्माण का वादा किया। साथ ही उन्होंने लोगों से कहा कि, अभया के माता-पिता से प्रेरणा लें और निर्भीक होकर वोट दें।

इसी बीच, कूचबिहार के सिताई में कांग्रेस और वामदलों की सभाओं पर हमले का भी आरोप लगाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कूचबिहार में तृणमूल पर गुंडाराज का आरोप लगाते हुए कहा, उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा गुंडों के सरगना हैं। यहां लोकतंत्र नहीं बचा, तृणमूल सरकार में केवल लूटपाट और भ्रष्टाचार चल रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के मुद्दे पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने तृणमूल सरकार पर हमला किया। बांकुड़ा में एक सभा में उन्होंने सवाल किया कि जो लोग आरजी कर में 'जस्टिस' की मांग कर रहे हैं, क्या आपने किसी को ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते सुना है? वहीं, सुप्रीम कोर्ट के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ पर भी उन्होंने तंज कसा कि हाई कोर्ट में मामला चल रहा था, लेकिन बीच में चंद्रचूड़ ने कूदकर मामले को उलझा दिया।

हालांकि, राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने इस मुद्दे पर सफाई देते हुए कहा कि विपक्ष जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ₹तृणमूल की सरकार न्याय करने के पक्ष में है और आरजी कर घटना की जांच हो रही है। पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ा और अदालत ने सीबीआई को जांच सौंपी। मगर किसी और आरोपित को पकड़ नहीं पाए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने जलपाईगुड़ी के बिन्नागुड़ी में मदारीहाट उपचुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार विकास चंप्रमारी के साथ प्रचार किया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में युवा तृणमूल के 20 सदस्य कांग्रेस में शामिल हुए।

हाईकोर्ट की पूजा की छुट्टियां कम की जाएं, जजों की कमेटी के प्रस्ताव पर वकीलों ने प्रतिक्रिया दी

संवाददाता

कोलकाता। हाई कोर्ट में मुकदमों की भरमार है। वादकारियों की परेशानी कम करने के लिए हाईकोर्ट प्रशासन ने पहल की है। चार जजों की एक विशेष समिति ने 'परंपरा' तोड़ते हुए 2025 से पूजा की कुल छुट्टियों में से 7 दिन रद्द करने का प्रस्ताव दिया है। मानो आग जल रही है। प्रस्ताव पत्र सामने आते ही वकीलों के एक समूह ने अपना गुस्सा जाहिर किया। वकीलों के एक समूह ने इस फैसले को लागू करने की कोशिश करने पर बड़े पैमाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। हालांकि बाकी लोग खुद को तटस्थ रखकर स्थिति को समझने की कोशिश कर रहे हैं।

अब तक, हाई कोर्ट का सामान्य कामकाज दुर्गा पूजा षष्ठी से भाईफोण्टा तक बंद था। यहां तक कि अगर कुछ दिनों के लिए अवकाश पीठ है, तो यह अनुभवहीन है। लेकिन सारा उपद्रव एक पत्र को लेकर है। छुट्टी रद्द करने का प्रस्ताव दिया गया है। लक्ष्मी पूजा और काली पूजा के बीच 7 दिनों की छुट्टी रद्द करने का प्रस्ताव दिया गया है। पता चला है कि साल में 222 कार्य दिवसों के लक्ष्य के साथ हाईकोर्ट की छुट्टियों को लेकर 4 जजों की विशेष समिति ने यह नया फैसला लिया है। समिति में न्यायमूर्ति हरीश टंडन, न्यायमूर्ति सौमेन सेन, न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती शामिल हैं। जजों की कमेटी को तीन वकील संगठनों के साथ बैठक में बगावत के संकेत मिल चुके हैं।

लेकिन कमिटी अभी भी हिग्गह कोर्ट के कैलेंडर में सात और कार्य दिवस जोड़ने के लिए बेताब है। कमिटी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को साल में 222 दिन खुला रखने को कहा है। निर्देश को लागू करने के लिए वकीलों के तीन संगठनों की राय मांगी गई थी। लेकिन बार एसोसिएशन और बार लाइब्रेरी ने छुट्टी रद्द करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई। इनकॉर्पोरेटेड लॉ सोसाइटी ने फिर से न्यायाधीशों की कमिटी द्वारा लिए गए निर्णय पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में एक संगठन ने मांग की कि छुट्टी कम करने के बजाय रामनवमी और मई दिवस (दो दिन जब अदालतें खुली रहती हैं) पर छुट्टी दी जानी चाहिए। इससे पहले हाईकोर्ट में करीब एक माह तक ग्रीष्मकालीन छूटी रहता था।

पिछले कुछ सालों से सुप्रीम कोर्ट के कार्यदिवस बढ़ाने के फतवे पर भी रोक लग गई है। वर्तमान में, उच्च न्यायालय एक वर्ष में कुल 210 दिन संचालित होता है। इसके बाद इसे सभी जजों के साथ 'फुल कोर्ट' में स्वीकार किया जाएगा। हालांकि, हाईकोर्ट के सबसे बड़े वकीलों के संगठन बार एसोसिएशन के सचिव शंकरप्रसाद दलपति ने इस फैसले को न मानते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया। उनका बयान है, "केवल छुट्टियां बंद करने और कार्य दिवस बढ़ाने से मामलों का पहाड़ कम नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हाई कोर्ट में 72 जज होने चाहिए, वहां 20-22 पद खाली हैं। फिर जजों की नियुक्ति लंबे समय से रुकी हुई है।

उपचुनाव से पहले सीपीआई के कई नेताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा

एजेंसी

पटना। बिहार में आगामी 13 नवम्बर को उपचुनाव होना है। आज उपचुनाव के प्रचार प्रसार का आखिरी दिन है। उपचुनाव के पहले ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) को करारा झटका लगा है। सीपीआई के कई बड़े नेताओं ने एक साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ये सभी नेता शेखपुरा के हैं। इस्तीफा देने वाले नेताओं में जिला सहायक मंत्री धर्मराज कुमार भी शामिल हैं। धर्मराज कुमार ने जिला सचिव प्रभात पांडे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभात पांडे 'पहाड़ का ठेका' लिए हुए हैं और पार्टी के नाम पर गलत काम कर रहे हैं। धर्मराज कुमार ने राज्य स्तरीय नेताओं पर भी लापरवाही और पक्षपात का आरोप लगाया है। धर्मराज ने अपने कई समर्थकों और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। धर्मराज कुमार के अलावा, राज्य परिषद सदस्य गणेश रविदास, अजय चौधरी, छोटे रविदास, बिरजू पासवान और विनोद राम ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद धर्मराज कुमार ने प्रदेश के कई सीपीआई नेताओं पर भी निशाना साधा। धर्मराज ने पार्टी में चापलूसी और परिवारवाद में घिरे कार्यकताओं को महत्व देने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को बिहार के चार सीट तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। चार सीटों में से तीन सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद के उम्मीदवार चुनान में खड़े हैं तो वहीं एक उम्मीदवार सीपीआई एमएल के हैं।

एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ

बिहारशरीफ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वाधान में राजकीय खेल अकादमी- सह- खेल परिसर राजगीर में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 देशों के टीम यथा भारत, चीन, मलेशिया, जापान ,दक्षिण कोरिया एवं थाईलैंड भाग ले रहीं हैं ।एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन हेतु ट्रॉफी गौरव यात्रा के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आमजनों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता फैलाई गई है। एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष, साफ सफाई, आवासन,खानपान व्यवस्था ,परिवहन, यातायात व्यवस्था, विधि व्यवस्था , प्रचार प्रसार , पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । पहला मैच जापान कोरिया के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के तरफ से दो दो गोल कर मैच टाई हो गया वहीं थाईलैंड और चाईना के बीच दुसरा मुकाबला शुरू किया गया जिसमें चाईना के द्वारा थाईलैंड पर तिन गोल बनाकर बढत बनाया है ।

तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर दिनदहाड़े पेट्रोल पंप के कर्मचारी से 3.10 लाख लूटा

एजेंसी

अररिया। रानीगंज के हांसा डाक बंगला चौक स्थित गणपति पेट्रोल पंप के कर्मचारी से एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर सोमवार को 3 लाख 10 हजार रुपए लूट लिए।घटना रानीगंज अररिया मुख्य मार्ग में एनएच 327 ई रामपुर गांव के पास घटित हुई।पेट्रोल पंप के कर्मचारी रुपेश कुमार साह पम्प से पैसे लेकर रानीगंज बैंक में जमा करने जा रहे थे । इसी क्रम में रामपुर गांव के पास बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर बाइक रुकवाते हुए लूट की घटना को अंजाम देकर फरार होने में कामयाब रहा। सूचना के बाद रानीगंज थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेंदु पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौका ए वारदात पर पहुंचकर घटना की तफ्तीश में जुट गए हैं। घटना के संदर्भ में पीड़ित पम्प के कर्मचारी मुजफ्फरपुर पुरुगंज निवासी रुपेश कुमार साह ने बताया कि सोमवार को वह पम्प से पैसे लेकर रानीगंज बैंक में जमा करने जा रहे थे।जाने के क्रम में रामपुर गांव के समीप बाइक पर सवार तीन हथियार बंद बदमाशों ने आगे से गाड़ी रोककर पैर से बाइक पर धक्का मारकर गिरा दिया और हथियार सटा दिया।जब तक पूरा मामला समझ में आता बदमाशों ने रुपयों से भरा थैला लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रानीगंज थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेंदु घटना स्थल पर अन्य पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों के साथ गणपति पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों से पूछताछ की।थानाध्यक्ष ने पम्प में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को भी खंगाला।अलग अलग पम्प के कर्मचारियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। मामले पर रानीगंज थानाध्यक्ष ने तफ्तीश किए जाने की बात करते हुए जांच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही।उन्होंने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेने की बात कही।

जयंती भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद को उनकी जयंती पर किया गया याद

14 साल तक के बच्चों के लिए मुफ़्त व अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया

एजेंसी

अररिया। स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद को उनकी जयंती पर सोमवार को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। फारबिसगंज के एसजी टीचिंग सेंटर में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक राशिद जुनैद ने की। मौके पर छात्र- छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की जीवनी पर अपनी बात रखी। समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षक राजकुमार यादव ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म सऊदी अरब के मक्का शहर में हुआ था, लेकिन वह मूल रूप से भारतीय परिवार से थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद एक अच्छे लेखक, पत्रकार और महान राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनाई। शिक्षिका आयशा अख्तर ने बताया कि भारत रत्न मौलाना आजाद की राजनीति में अहम रुचि थी। वे सबसे कम उम्र के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1940 में अध्यक्ष बने। वे गांधीजी विचारों के हितैषी थे और सांप्रदायिक राजनीति के घोर विरोधी थे। उन्होंने खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन आदि में अहम भूमिका निभाई। देश के आजादी के उपरांत भारत के प्रथम शिक्षामंत्री के रूप में उन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन,भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जामिया मिलिया इस्लामिया और आईआईटी खड़गपुर जैसे संस्थानों की स्थापना की। वही शिक्षक करण कुमार साह ने अपनी वक्ता में कहा कि मौलाना आजाद देश के नौनिहाल बच्चों के लिए केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर, 14 साल तक के बच्चों के लिए मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया जिसके माध्यम से बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका रही। साथ ही उन्होंने साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी, और संगीत नाटक अकादमी जैसी संस्थाओं की स्थापना कर शिक्षा में सर्वांगीण विकास पर बल दिया। इस मौके पर शिक्षकों में ललन कुमार मंडल, अफसाना राही, एसपी सिंह, शमी अहमद, अभिलाषा यादव, रोहित कुमार, डॉ० आनंद यादव, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, विशाल प्रियदर्शी मुदस्सिर नजर, अली अंसारी व छात्र- छात्राओं में अभिषेक, कस्तूरी, कशिश, रूपेश, सना, गौरव, सोनाक्षी, शमा, सायमा, रोशन, तरन्नुम, अमरेश, गौतम, अर्पिता, रिया, अंशु, सुमन, सादिया, अंकित, शायका, समीर, भूषण, आलोक, कामरान, अमन, रवि, महबूब, शोएब, करण, माजिद, सत्यम, सपना , आयशा, राहुल, खुशबू सहित दर्जनों छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

नींद की गोलियां खिलाकर दादा ने पोती से किया दुष्कर्म , गिरफ्तार

संवाददाता

कोलकाता। फिर नाबालिग से दुष्कर्म की शिकायत। इस बार दरबार में दादा आरोप है कि नींद की गोलियां खिलाकर पोते के साथ आए दिन रेप किया गया। और बनगांव के चंदा इलाके में ऐसी सनसनीखेज शिकायत को लेकर हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दादाजी इस कीर्त्ति के कारण नाबालिग अस्पताल में भर्ती है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में गुस्सा है। वे आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग किये हैं। मां की मौत के बाद दोनों नाबालिग बनगांव के चंदा इलाके में दादा शंकर विश्वास के घर में रहते थे। लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा ही नहीं था कि यहां रखने वाला ही भक्षक की भूमिका निभा सकता है। धीरे-धीरे दादाजी का व्यवहार बदलने लगा। आरोप है कि चौदह साल की पोती को नींद की गोलियां खिलाकर बेहोश करने के बाद दादा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। ऐसा एक से अधिक बार हुआ है। इतना ही नहीं, आरोप है कि शंकर ने उसे ये बातें किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। अश्रिता नाबालिका भी डर के मारे किसी से कुछ नहीं कहती थी। इसके बाद उस पड़ोसी की पहल पर बनगांव थाने में दादा शंकर विश्वास के खिलाफ पोती से दुष्कर्म की लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। नाबालिग को इलाज के लिए बनगांव उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दादाजी पर लगे ऐसे आरोपों को लेकर हंगामा मचा हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

ऑटो चालकों ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

हल्द्वानी। हल्द्वानी में आरटीओ द्वारा सत्यापन करवा चुके ऑटो चालकों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में पहुंचे चालकों ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सत्यापन और यूनिफॉर्म पहनने के बाद भी पुलिस उन्हें लगातार रोककर पुलिस सत्यापन के नाम पर परेशान कर रही है और चालान काट रही है। चालकों का आरोप है कि आरटीओ सत्यापन अभियान में पुलिस सत्यापन भी होना था, लेकिन कई चालकों का पुलिस सत्यापन अधूरा रह गया है। इसी का फायदा उठाकर पुलिस उन्हें बेवजह परेशान कर रही है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा के सत्यापन के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस दौरान सभी का आरटीओ और पुलिस सत्यापन पूरा किया जाएगा।

यातायात पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक की मौत

अयोध्या। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आवास में रह रहे यातायात पुलिस में तैनात उप निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद (54) की सोमवार को मौत हो गई। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मामले की जानकारी उनके देवरिया में परिवार को दी है। सहयोगी उपनिरीक्षक रमेश सिंह ने बीमार होने पर तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल ले जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने हृदयाघात से मौत की आशंका जताई है।

रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात युवक का शव

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में रविवार की रात रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना रामनगर क्षेत्र के बुढ़वल और चौकाघाट रेलवे ट्रैक के बीच स्थित नचना ग्राम के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा था और युवक का चेहरा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त था, जिससे उसकी पहचान करना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी और आरक्षी सुजीत कुमार ने मामले की जांच शुरू की।

एयरफोर्स के जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

बागपत। बागपत जिले में दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एयरफोर्स के जवान की मौत हो गयी, जवान बाइक से देहरादून जा रहा था। पुलिस ने सम्बंधित अधिकारियों को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। रमाला पुलिस का कहना है कि रात के समय एयरफोर्स का जवान सुनील कश्यप दिल्ली अपनी ड्यूटी से देहरादून के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही वह दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर रमाला थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के नजदीक पहुंचा, एक ट्रैक्टर ट्रॉली ओर पिकप गाड़ी की चपेट में आ गया।

सड़क किनारे खड़ी कार चोरी, एफआईआर

शिमला। शहर में वाहन चोर गिरोह के हौंसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस की गश्त और सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद वे चोरी की वारदात को आसानी से अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला उपनगर टूटू से सटे ढांडा क्षेत्र में सामने आया है। यहां सड़क किनारे पार्क एक कार को चोर उड़ा ले गए। कार मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चुराई गई कार की तलाश शुरू कर दी है।

पिकअप से अवैध शराब की 40 पेटियां बरामद

शिमला। अप्पर शिमला के देहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब ले जा रही एक पिकअप को जब्त किया है। पिकअप में अवैध शराब की 40 पेटियां बरामद हुई हैं। पिकअप सवार दो व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया गया है। रविवार रात पुलिस की टीमें गनोग, हलीधार ओर चम्बी में गश्त कर रही थीं। इसी दौरान पुलिस जवानों की नजर देहा की तरफ आ रही एक पिकअप पर पडी, जिसके पिछले हिस्से को तिरपाल से ढका हुआ था। पुलिस टीम ने पिकअप को तलाशी के लिए रोका और तिरपाल के नीचे देशी शराब की 40 बोतलें रखी मिलीं।

पाक में दो आत्मघाती आतंकवादी गिरफ्तार

क्वेटा। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में दो आत्मघाती आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि दोनों कराची में हमले की योजना बना रहे थे। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा बलों ने खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में लक्षित अभियानों के दौरान इनको दबोचा गया। दोनों आतंकवादी कथित तौर पर कराची में सुरक्षा बलों और विदेशी नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। इसके अलावा कराची हवाई अड्डे के सिग्नल के पास चीनी इंजीनियरों पर योजनाबद्ध आत्मघाती हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को भी विंडर में हिरासत में लिया गया है। चार अन्य आतंकवादियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।

आयोग का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाना : कुसुम

देहरादून। एजेंसी

धामी सरकार उत्तराखंड को जल्द ही सशक्त महिला नीति की सौगात देने की तैयारी में है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के 19वें स्थापना दिवस पर आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, सशक्त एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने आयोग के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रदेशवासियों-अभिभावकों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सोमवार को मीडिया से बातचीत में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि उत्तराखंड की महिलाओं को 2019 में राज्य महिला आयोग की ओर से तैयार की गई महिला नीति की घोषणा जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए राज्य महिला आयोग अभिभावक की तरह काम कर रहा है। महिलाओं की सुरक्षा आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिला अपराध रोकने में जागरुकता जरूरी है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए खुद के साथ बहन-बेटियों की सुरक्षा का ख्याल रखें और उन्हें जागरूक करें।

उन्होंने बताया कि हर विभाग की सेक्सुअल हैरासमेंट कमेटी होनी चाहिए, जहां चार या चार से अधिक महिलाएं कार्यरत हों। ऐसा दिशा-निर्देश दिया गया है। विद्यालय स्तर पर भी समय-समय पर आयोजन कर छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है और आयोग की जानकारी दी जा रही है।

स्पा सेंटरों के लिए एसओपी जारी उन्होंने बताया कि स्पा सेंटर में आए दिन छापे मारे जाते हैं। स्पा सेंटरों के लिए आयोग ने एसओपी तैयार कर शासन को भेजा है।

महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ

कंडवाल ने बताया कि प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं की काउंसिलिंग की गई है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्पलाइन की समय-समय पर निरीक्षण की जाती है। इन वर्षों में महिलाओं की योजनाओं की जिला स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है और महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

जीवन की नई राह चुनेंगी महिला बंदी

कंडवाल ने अपनी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में सभी जेलों में महिला कैदियों का उन्होंने हाल चाल जाना और सरकार की सुविधाओं का जायजा लिया। महिला जब जेल बाहर निकलें तो वे समाज की मुख्यधारा जुड़कर जीवन की नई राह चुनें। इसके लिए महिला बंदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनें और उन्हें किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े।

महिलाओं में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता जरूरी : सोनिया अग्रवाल

सोनीपत। एजेंसी

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में महिलाओं के प्रति होने वाले साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोग की वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है, और इसके सही इस्तेमाल की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को आगाह किया कि सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें, क्योंकि इससे साइबर क्राइम का खतरा रहता है। सोनिया अग्रवाल ने कहा कि यदि कोई ब्लैकमेल करता है, तो डरने के बजाय पुलिस, परिजन या महिला आयोग को इसकी जानकारी दें। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें। उन्होंने समाज में फैलने वाली सामाजिक कुरीतियों से बचने का आह्वान भी उन्होंने किया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग के एसएचओ बसंत सिंह ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करने और अज्ञात लोगों से पासवर्ड साझा करने से बचना चाहिए, क्योंकि ये अपराध की ओर ले जा सकते हैं।

फतेहाबाद में 42 हजार किसानों को किया 1492 करोड़ का भुगतान

फतेहाबाद। एजेंसी

जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक छह लाख 51 हजार 502 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया गया है जोकि खरीद का 93 प्रतिशत है। जिला में अब तक छह लाख 98 हजार 447 मीट्रिक टन धान फसल की खरीद हुई है। अब तक 42 हजार 275 किसानों को उनकी खरीद गई फसल के लिए 1492.39 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने सोमवार को बताया कि जिला में 6 लाख 51 हजार 502 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है, जिसमें से फूड सप्लाई ने 8520 किसानों की 169409 मीट्रिक टन, हैफेड ने 15401 किसानों की 225945 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 18 हजार 354 किसानों की 303093 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद की है।

मंडियों से धान फसल का उठान कार्य भी किया जा रहा है। जिला में अब तक 6 लाख 51 हजार 502 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 159474 मीट्रिक टन, हैफेड ने दो लाख 11 हजार 602 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने दो लाख 80 हजार 426 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक 42275 किसानों को उनकी खरीद गई फसल के लिए 1492.39 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। जिला में एमएसपी 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों की धान फसल की खरीद की जा रही है।

उपायुक्त ने किसानों से आह्वान किया है कि वे अपनी फसल को सुखाकर ही मंडी या खरीद केंद्रों में लेकर आएं, ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। किसानों की फसल का एक-एक दाना सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विनीत जैन ने बताया कि सरकार द्वारा खरीफ खरीद सीजन 2024-25 के दौरान धान की सरकारी खरीद का समय 27 सितंबर से 15 नवंबर, 2024 तक निर्धारित किया गया है।

बांग्लादेश में बंगभवन के दरबार हॉल से हटाई गई बंगबंधु की तस्वीर

ढाका। एजेंसी

अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर मुल्क के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास बंगभवन के दरबार हॉल में अब दिखाई नहीं देगी। वहां से बंगबंधु रहमान की एक तस्वीर हटा दी गई है। राजधानी ढाका से छपने वाले अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी खबर में सलाहकार महफूज आलम की फेसबुक पोस्ट के आधार पर यह दावा किया है। फेसबुक पोस्ट के अनुसार शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर-पोस्ट '71 फासीवादी, दरबार हॉल से हटा दी गई है। यह हमारे लिए शर्म की बात है कि हम 5 तारीख के बाद बंगभवन से उनकी तस्वीरें नहीं हटा सके। अगस्त की क्षमायाचना, लेकिन, जब तक लोगों में जुलाई की भावना जीवित रहेगी तब तक वह कहीं दिखाई नहीं देगी। आलम ने लिखा है,

शेख मुजीब और उनकी बेटी ने बांग्लादेश के लोगों के साथ जो किया है, वह अवामी लीग को स्वीकार करना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए, जिसमें गैर-लोकतांत्रिक '72 संविधान से लेकर अकाल, अरबों टका की लूट और हजारों की गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल हैं। असंतुष्टों और विरोधियों की (1972-75, 2009-2024)। फिर, हम बिना माफी और फासीवादियों के परीक्षण के पूर्व '71 के शेख मुजीब के बारे में बात कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का मेल-मिलाप नहीं होगा।

पेशावर दुनिया के प्रदूषित शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 509

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 509 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दूषित हवा के इस खतरनाक स्तर ने पेशावर को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की श्रेणी पर पहुंचा दिया है। मुल्क के पंजाब प्रांत के शहरों को ढकने वाली धुंध भरी हवा अब खैबर पख्तूनख्वा की ओर बढ़ गई है और पेशावर और आसपास के जिलों को अपनी चपेट में ले लिया है। लाहौर में पार्क और बागवानी प्राधिकरण ने प्रदूषण को कम करने के लिए हरित पट्टियों और सड़कों के किनारे के पेड़ों और पौधों को धोने के प्रयासों में तेजी ला दी है। गुलबर्ग, मॉडल टाउन और अन्य मुख्य मार्गों पर इसी तरह की गतिविधियों के साथ मॉल रोड, जेल रोड और फिरोजपुर रोड पर रोजाना पेड़ धोने का कार्य चल रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक मुहम्मद ताहिर वट्टू के अनुसार टीम सुबह से रात तक काम कर रही है। धुंध और प्रदूषण से निपटने के लिए आवश्यक उपाय के रूप में पौधरोपण को प्राथमिकता दी जा रही है।

जरूरतमंदों के लिए जीवन रेखा बना बहादुरगढ़ रक्तदाता ग्रुप

झज्जर। एजेंसी

बहादुरगढ़ शहर व आसपास के क्षेत्र में रक्तसेवा के लिए सदा सजग रहने वाला ह्यबहादुरगढ़ रक्तदाता ग्रुपह्य न केवल स्थानीय निवासियों के लिए लाइफ लाइन बन गया है बल्कि दूसरों के लिए प्रेरक बना हुआ है। करीब सात साल पहले 6 नवंबर 2017 को बनाए गए इस ग्रुप को गत रविवार को सोनीपत में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। व्हाट्सएप पर चल रहे बहादुरगढ़ रक्तदाता ग्रुप में फिलहाल 404 सदस्य हैं।

ये सदस्य दिनरात किसी जानकार/अनजान को रक्तदान करने के लिए पूर्ण जज्बे के साथ डटे रहते हैं। ग्रुप संचालक रमन शर्मा ने बताया कि ग्रुप सदस्यों ने अब तक 1119 यूनिट रक्तदान करके और 135 बार प्लेटलेट्स देकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

कोरोना काल में जब लोग घर से बाहर निकलने में भी झिझक रहे थे, तब भी ग्रुप सदस्यों ने 155 बार ग्रुप सदस्यों ने दिन रात एक समझकर आमजन को रक्तसेवा दी। अनेक बार ऐसे अवसर भी आए जब रक्तसेवकों ने बिजली की गति से पंहुचकर मरीज की जान बचाई। ग्रुप के सह एडमिन मुकेश पांचाल ने बताया कि बहादुरगढ़ रक्तदाता ग्रुप की इस बार की वर्षगांठ हम सबके लिए बेहद विशेष रही। ग्रुप को हरियाणा प्रदेश स्तर पर आयोजित दो कार्यक्रमों में आमंत्रित करके आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया।

रूस की यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क पर नियंत्रण की तैयारी

वाशिंगटन। रूस ने यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क क्षेत्र में नियंत्रण की सामरिक तैयारी की है। अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों का दावा है कि रूस ने 50,000 सैनिकों को इकट्ठा किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस की सेना ने उत्तर कोरिया के सैनिकों सहित 50,000 सैनिकों की बड़ी टुकड़ी इकट्ठी की है। रूस कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा जब्त किए गए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के उद्देश्य से हमला शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार,रूस ने पूर्वी यूक्रेन से सैनिकों को हटाए बिना ही बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी है। रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्से में काबिज होना चाहते हैं। यूक्रेन ने इस साल कुर्स्क के इस क्षेत्र में कब्जा कर लिया था। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आने वाले दिनों में उत्तर कोरियाई सैनिकों से जुड़े ऐसे हमले की आशंका है।

सामाजिकता व संस्कृति की समझ देने में भारत विकास परिषद सर्वोपरि: बराला

फतेहाबाद। एजेंसी

राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि देश में समाज को जोड़ने और भारतीय संस्कृति को समझने वाली सामाजिक संस्थाओं की जरूरत है। भारत विकास परिषद ऐसी संस्थाओं में सर्वोपरि है। भारत विकास परिषद आने वाली पीढ़ियों को सामाजिकता और संस्कृति की समझ देने वाली संस्था है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला सोमवार को फतेहाबाद में भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-दो की ओर से आयोजित क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान एवं संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे थे। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगर

परिषद उपाध्यक्ष सविता टुटेजा थीं और भाविप के क्षेत्रीय महासचिव राकेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर सांसद बराला ने कहा कि आधुनिकता एवं आगे निकलने की होड़ में सभी बहुत तेजी से अपनी संस्कृति और सभ्यता को पीछे छोड़ते जा रहे हैं, ऐसे में भारत विकास परिषद का राष्ट्रभक्ति एवं संस्कृति से ओतप्रोत ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना हवा के ठंडे झोंके के समान है। इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत से हुआ। कार्यक्रम पर्यवेक्षक एवं राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन समूहगान केके अरोड़ा ने मंच से प्रतियोगिता की नियमावली से सभी को अवगत करवाया गया। इसके पश्चात दिल्ली एवं हरियाणा के प्रांतों से प्रान्त स्तर की विजेता टीमों द्वारा पहले हिन्दी व फिर संस्कृत के गीतों की एक से बढकर एक संगीतमयी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विकसित उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने किया धनकोट का दौरा

गुरुग्राम-झज्जर रोड पर दूर होगी जाम की समस्या : नरबीर

- एक महीने में दूर होगी धनवापुर के समीप जलभराव की समस्या
- धनकोट में सडकों की मरम्मत व ड्रेनेज की सफाई का एक सप्ताह में होगा काम

गुरुग्राम। एजेंसी

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में ढांचागत तंत्र को विकसित करने के लिए धरातल पर ऐसी योजनाएं तैयार की जाएं, जिनका नागरिकों को जल्द से

जल्द लाभ मिले। साथ ही सडक, सीवरेज व जल निकासी से जुड़े कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए। यह बात उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम-झज्जर मार्ग पर गांव धनकोट के समीप सडक, यातायात प्रबंधन व जल निकासी के इंतजामों का निरीक्षण करते हुए कही। अधिकारियों को मौके पर राव नरबीर सिंह ने कहा कि झज्जर मार्ग के जरिए गुरुग्राम शहर में प्रदेश के अन्य जिलों की कनेक्टिविटी है। ऐसे में इस सडक पर यातायात का बहुत अधिक दबाव रहता है। धनकोट गांव में जाम की स्थिति न हो, इसके लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने धनकोट के समीप नहर पर अतिरिक्त स्लैब डालकर या कोई अन्य विकल्प तलाश कर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी, जीएमडीए और नगर निगम के अधिकारी एक संयुक्त मीटिंग बुलाकर एक समयसीमा के भीतर इसका समाधान करना सुनिश्चित करे। उन्होंने गांव धनवापुर के समीप होने वाले जलभराव के समाधान के भी निर्देश दिए।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने एक महीने के भीतर इस समस्या का समाधान करने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने भी कैबिनेट मंत्री को अपनी कई मांगों के अवगत कराया। राव नरबीर सिंह ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने धनकोट के भीतर से गुजरने वाली सडक और बाइपास वाली सडक की तुरंत मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। धनकोट के भीतर जलनिकासी के लिए बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम की तुरंत सफाई करने के भी निर्देश दिए ताकि सडक पर होने वाले जलभराव का समाधान किया जा सके। इस अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम के एडिशनल कमिश्नर वाईएस गुप्ता, चीफ इंजीनियर मनोज यादव, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता प्रवीण चौधरी, एक्सईएन गजेंद्र सिंह, जीएमडीए के एक्सईएन विकास मलिक सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

धौलपुर में सड़क हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की मौत

धौलपुर। एजेंसी

पूर्वी राजस्थान के धौलपुर जिले में रविवार रात को हुए एक सडक हादसे में बाइक सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसा धौलपुर जिले के बाडी उपखंड क्षेत्र के सदर थाना इलाके के गांव सुनीपुर के पास हुआ। उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के निवासी चार व्यक्ति बाइक से कैलादेवी दर्शन कर आगरा वापस लौट रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल हुए एक युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा उन्हें परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर हादसे का सबब बने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। उत्तरप्रदेश के हरदोई के थाना मलनावा के गांव मठफुरिया निवासी अंकित कुशवाह ने बताया कि उसके परिवार के लोग आगरा में पीवीसी फैक्ट्री में काम करते हैं। उसका बडा भाई 26 वर्षीय अजय उर्फ छोटू आगरा में काम करने वाले अपने रिश्तेदारों के पास आया था। कुछ दिन रहने के बाद में रविवार सुबह अजय उर्फ छोटू अपने हरिराम के साथ में बाइक से दर्शन करने कैलादेवी गया था। हरिराम पुत्र रामदास के साथ में उसी बाइक पर अनीष पुत्र राजेश तथा रामनिवास पुत्र विजय बहादुर बैठकर कैलादेवी से वापस आगरा आ रहे थे।

संक्षिप्त खबरें

सुनील कुमार ने की युवा खिलाड़ियों की तारीफ कहा- अच्छे प्रदर्शन का श्रेय युवाओं को

नोएडा। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के एक और रोमांचक मुकाबले में, यू मुंबा ने रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में घरेलू टीम यूपी योद्धा पर 35-33 से रोमांचक जीत हासिल की। यह जीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह नोएडा लेग के शुरूआती मैच में मिली थी। यूपी योद्धा के भरत हुड्डा द्वारा सुपर 10 हासिल करने के बावजूद, अजीत चौहान और रोहित राघव के संयुक्त रेडिंग प्रयासों ने, जिन्होंने 8-8 अंक बनाए, यू मुंबा के लिए निर्णायक साबित हुए। करीबी मुकाबले पर यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार ने टीम के शुरूआती संघर्षों को स्वीकार किया, लेकिन उनके लचीलेपन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ₹हमने शुरूआत में कुछ गलतियाँ कीं, लेकिन हमने बढ़त को बहुत दूर नहीं जाने दिया। लेकिन तीन महत्वपूर्ण सुपर टैकल हमारे पक्ष में काम आए, जिसने यूपी योद्धा को पर्याप्त बढ़त बनाने से रोक दिया। कुमार ने अंतिम मिनट तक लड़ने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसा दर्शन जो इस जीत में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

सफलता के बाद हरियाणा स्टीलर्स का लक्ष्य नोएडा में भी अपनी लय बरकरार रखना

नोएडा। हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन की शानदार शुरूआत की, हैदराबाद में अपने पहले सात मैचों में पांच जीत दर्ज की। पिछले सीजन में उपविजेता रहने के बाद, सभी की निगाहें जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली इस फ्रेंचाइजी पर थीं, खासकर इस साल की शुरूआत में नीलामी में टीम ने अपनी टीम में कुछ बदलाव किए थे। सामरिक प्रतिभा वाले हेड कोच मनप्रीत सिंह के मार्गदर्शन में स्टीलर्स ने प्रत्येक गेम में अंत तक लड़ने के लिए प्रभावशाली रक्षात्मक और लचीला प्रदर्शन किया है और करीबी मुकाबलों में रोमांचक जीत हासिल की है। हैदराबाद लेग के अंत तक हरियाणा तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया और फिर रविवार को नोएडा लेग की शुरूआत में गुजरात जायंट्स पर 39-23 से जीत हासिल की और 7 मैचों में 26 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

कुमामोटो मास्टर्स जापान बैडमिंटनः सिंधु, लक्ष्य को फॉर्म हासिल करने की उम्मीद

कुमामोटो। स्टार शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करते हुए फॉर्म हासिल करने के लिए बेताब होंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से दोनों खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, वहीं लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन सुपर 500 और डेनमार्क ओपन दोनों में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए। दोनों खिलाड़ियों को अपने मैचों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के बाद निर्णायक दौर में पहुंचने में संघर्ष करना पड़ा। फिनलैंड में कनाडा की मिशेल ली से पहले दौर में चौंकाने वाली हार के बाद सिंधु ने ओडेंस में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एटीपी फाइनल्स : सिनर ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

ट्यूरिन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी जननिक सिनर ने रविवार को टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। पिछले साल प्रतिष्ठित साल के अंत वाले टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे स्थान पर रहे सिनर पहले सेट में जल्दी ही पिछड़ गए, लेकिन जल्द ही वापसी करते हुए मुकाबले पर हावी हो गए। इस साल ऑस्ट्रेलियन और यू.एस. ओपन खिताब जीतकर ग्रैंड स्लैम में अपना खाता खोलने वाले इतालवी खिलाड़ी ने ऐस के साथ जीत पूरी की और डी मिनौर के खिलाफ आठ में से आठ जीत दर्ज की। इससे पहले इली नास्टेस ग्रुप में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज ने रूसी डेनियल मेदवेदेव को 6-4, 6-3 से हराया।

पीकेएल-11: हरियाणा स्टीलर्स ने सीजन में दूसरी बार गुजरात जाएंट्स को हराया

- विनय ने फिर एक शिकार के साथ गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया
- परतीक की रेड पर शादलू ने सेल्फ आउट होकर गुजरात को एक अंक दिया

● 46वें मैच में राम मेहर सिंह की गुजरात जाएंट्स को 39-23 के अंतर से हरा दिया

नोएडा। एजेंसी

दिग्गज कोचों की जंग में एक बार फिर मनप्रीत सिंह ने बाजी मारी है। मनप्रीत की हरियाणा स्टीलर्स ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के 46वें मैच में राम मेहर सिंह की गुजरात जाएंट्स को 39-23 के अंतर से हरा दिया।

यह इस सीजन में हरियाणा की गुजरात पर लगातार दूसरी जीत है। हरियाणा की जीत में डिफेंडर राहुल सेतपाल (8 अंक) के अलावा आलराउंडर मोहम्मदरेजा शादलू (7) और रेडर विनय (7 अंक) का अहम रोल रहा। घनश्याम मगर (3) ने सुपर रेड के साथ हरियाणा की वापसी कराई थी। गुजरात के लिए राकेश (7 अंक) और डिफेंडर जीतेंदर यादव (6 अंक) ही चमक सके। इस रोमांचक मैच में शुरूआती 4 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं लेकिन शिवम पटारे ने डू ओर डाई पर दो अंक लेकर हरियाणा को 4-2 से आगे कर दिया और फिर राहुल ने गुमान का शिकार कर फासला 3 का कर दिया। विनय ने फिर एक शिकार के साथ गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन मे ला दिया। विनय की अगली रेड पर नीरज बाहर गए लेकिन परतीक की रेड पर शादलू ने सेल्फ आउट होकर गुजरात को एक अंक दे दिया। इसके बाद गुजरात के डिफेंस ने विनय का शिकार कर शानदार वापसी की। अब स्कोर 6-7 हो था और 16वें मिनट की समाप्ति तक यह 10-10 हो गया। इस बीच घनश्याम ने डू ओर डाई सिचुएशन में सुपर रेड के साथ हरियाणा को 13-10 से आगे कर दिया।

अब गुजरात सुपर टैकल सिचुएशन में थे। फिर शादलू ने एक ही रेड में गुजरात का सूपड़ा साफ कर दिया। हरियाणा की टीम अब 18-12 से आगे हो चुकी थी। शादलू हालांकि आलइन के तुरंत बाद आउट हो गए। शादलू लगभग नौ मिनट से मैट से बाहर थे और यह हरियाणा के लिए चिंता का सबब था। दूसरे हाफ में छह मिनट का खेल हो चुका था और हरियाणा ने 23-16 की लीड ले थी। शादलू की भी वापसी हो चुकी थी। इस बीच गुजरात के डिफेंस ने शिवम का शिकार कर हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में डाला। परतीक को सुपर टैकल कर गुजरात ने इस स्थिति का भरपूर लाभ लिया और अपनी लीड 8 की कर ली। 30 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 26-18 से हरियाणा के हक में था। ब्रेक के बाद हरियाणा ने एक बार फिर परतीक को सुपर टैकल कर 28-19 की ले ली। रिवाइव होकर आए परतीक डू ओर डाई रेड पर गए और लौट न सके।

हरियाणा ने तीसरे सुपर टैकल के साथ 10 अंक की लीड ले ली और फिर लगातार दो अंकों के साथ इसे 12 तक पहुंचा दिया। अब तीन मिनट से भी कम बचे थे। गुजरात ने हालांकि सुपर टैकल के दो अंक हासिल कर वापसी की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रही। फिर हरियाणा ने गुजरात को आलआउट कर जीत की औपचारिकता पूरी कर दी।

दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशफिकुर रहीम

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम में अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम को जगह नहीं मिली है। बीसीबी अध्यक्ष के साथ कई दौर की बातचीत के बाद, नजमुल हुसैन शांतो ने दो मैचों में कप्तानी करने पर सहमति जताई है। वह दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ना चाहते हैं। जाकेर अली के साथ तस्कीन अहमद और शोरफुल इस्लाम की श्रृंखला के लिए टीम में वापसी हुई है। श्रृंखला 22 दिसंबर से शुरू होगी जबकि दूसरा मैच 30 दिसंबर को खेला जाएगा। बीसीबी ने शाकिब अल हसन को टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया, जिससे पता चलता है कि उनका टेस्ट करियर लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर विदाई टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस बीच, ऑफ स्पिनर नईम हसन और तेज गेंदबाज खालिद अहमद को वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम : नजमुल हुसैन शांतो , शादमान इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, महिदुल इस्लाम, लिटन दास , जैकर अली, मेहदी हसन, तैजुल इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, हसन मुराद।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में 3 विकेट से दर्ज की जीत

गकेबेरहा। एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे चार मैचों के टी20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में आज दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीन विकेट से मात दी है। गकेबेरहा में खेले गए इस मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के महज 125 रन का लक्ष्य रखा जिसे मेहमान टीम ने 19 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अफ्रीकी टीम की जीत के हीरे रहे ट्रिस्टन स्टब्स, जिन्होंने 41 गेंदों में 47 रन की नाबाद पारी खेली और मैन ऑफ द मैच चुने गए। भारत की ओर से मिले 125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। 22 के योग पर पहला विकेट गिरने के बाद टीम लगातार छोटे-छोटे अंतराल पर विकेट गंवाती रही। एक समय 66 रन पर छह विकेट गंवा चुकी टीम संकट में थी। तब ट्रिस्टन स्टब्स ने मोर्चा संभाला और आखिर तक क्रीज पर टीककर टीम को जीत की दहलीज पर ले गए। स्टब्स ने 41 गेंदों में 47 रन की जुझारी पारी खेली। स्टब्स के अलावा, रेजा हेंड्रीक्स ने 24 और गेराल्ट कोट्जे ने 19 रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम घोषित

जोहानसबर्ग। एजेंसी

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी महिला टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की घोषणा की। टी20 श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की गई है, जबकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय दल का ऐलान किया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के अनुसार 14 खिलाड़ियों वाली टी20 टीम में ऑलराउंडर एलिज-मारी मार्क्स और नोंडुमिसो शांगसे के साथ बल्लेबाज फेय ट्यूनीक्लिफ भी शामिल हैं, जो 2021 के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही हैं। सीनियर खिलाड़ियों में मारिजान कैप और अयाबोंगा खाका को इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। वनडे टीम में 15 खिलाड़ी हैं, जिसमें तेज गेंदबाज अयांडा हलुबी को भी शामिल किया गया है। अप्रैल में अपना 50वां वनडे कैप प्राप्त करने वाली लारा गुडॉल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद वापस आ गई हैं। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज मसाबाता क्लास ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से बाहर रहने के बाद वनडे में अपनी जगह वापस पा ली है।

दोनों टीमें 15 से 18 दिसंबर को ऐतिहासिक एकमात्र टेस्ट मैच में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो 2002 के बाद से दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहला महिला टेस्ट होगा। प्रोटियाज की टेस्ट टीम की घोषणा सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान की जाएगी।

प्रोटियाज महिला टीम के अंतरिम मुख्य कोच डिलन डु प्रीज ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए उत्सुकता व्यक्त की और इससे मिलने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हर कोई इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उनके खिलाफ हमेशा एक कठिन श्रृंखला होती है।

सुमा ने जीता महिला कोच ऑफ द ईयर का पुरस्कार

मुंबई। एजेंसी

ओलंपियन और भारतीय शूटिंग टीम की पूर्व मुख्य कोच, सुमा शिरूर को इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स 2024 में महिला कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह समारोह कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट द्वारा आयोजित किया गया था। सुमन शिरूर, जो किसी भी ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं को पेरिस ओलंपिक्स और पैरालिंपिक्स में भारतीय शूटिंग टीम को सफलता की ओर ले जाने और भारतीय खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह में देश के प्रमुख एथलीटों, कोचों और खेल हस्तियों का जमावड़ा हुआ, जिसमें सुमा शिरूर अपनी उत्कृष्टता के प्रति अडिग प्रयासों के लिए अलग नजर आईं। उनके मार्गदर्शन में, भारत के शूटर्स ने तीन ओलंपिक पदक जीते, जिससे वैश्विक मंच पर भारतीय शूटिंग में एक पुनर्जागरण हुआ।

खासकर, उनके मार्गदर्शन ने अवनि लेखरा को महिला 10 मीटर इवेंट में दूसरा पैरालिंपिक्स गोल्ड जीतने में मदद की, जिससे शिरूर का एक कोच के रूप में प्रभाव स्पष्ट होता है, जो एथलीटों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं। पुरस्कार स्वीकार करते हुए सुमा शिरूर ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और भारतीय एथलीटों में दृढ़ता और ध्यान केंद्रित करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि हर एथलीट और टीम के सदस्य का है, जिन्होंने मेरे साथ काम किया। हमारी यात्रा समर्पण से परिभाषित हुई, और यह पुरस्कार भारतीय शूटिंग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के हमारे साझा लक्ष्य को मजबूत करता है।ह्व इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाता है, जिसमें 14 अलग-अलग श्रेणियों में शीर्ष एथलीटों, कोचों और टीमों को सम्मानित किया जाता है।

महिला क्रिकेट : चांदनी ने की शानदार गेंदबाजी, स्काई ने जीता मैच

लखनऊ। जीसीआरजी महिला क्रिकेट लीग की शुरूआत सोमवार को हो गयी। पहले दिन तीन लीग मैच खेले गये। स्काई सुपर ने डाइनामिक को 77 रन से हरा दिया। इस मैच में स्काई की चांदनी शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 22 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं विक्टर वाइपर्स और व्रेब ब्लेजर्स ने भी अपने-अपने मैच जीत लिये। स्काई सर्फर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट गवांकर 202 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज टेथियर फातिमा ने अपनी टीम में सर्वाधिक 69 रन का योगदान दिया। वहीं शशि बाला 45 रन और अप्रिता 28 रन बनाईं। वहीं डायनेमिक की पूरी टीम 125 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और स्काई ने 77 रन से मैच जीत लिया।सलामी बल्लेबाज आयुषी श्रीवास्तव ने अपनी टीम में सर्वाधिक आयुषी श्रीवास्तव ने 58 रन बनाईं। वहीं सोनल ने 13 रन का योगदान दिया। वहीं दूसरे मैच में माइटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 95 रन बनाये। नैन्सिका यादव ने 18 रन बनाये। वहीं महिमा शुक्ला ने 14 रन का योगदान दिया। वहीं विक्टोरी की टीम ने तीन विकेट गवांकर ही 96 रन बना लिये और मैच को सात विकेट से जीत लिया। दिवा श्रीवास्तव 32 रन बनाई वहीं सलामी बल्लेबाज शर्गुन यादव ने 31 रन का योगदान दिया।

व्यापार

कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के



नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुरूआती कारोबार में निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार में तेज गिरावट आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने निचले स्तर से रिकवरी शुरू कर दी। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, मारुति सुजुकी, ब्रिटानिया और टीसीएस के शेयर 2.54 प्रतिशत से लेकर 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी और एशियन पेंट्स, बीपीसीएल, ओएनजीसी, नेस्ले और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 8.65 प्रतिशत से लेकर 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,377 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 751 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,626 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में बिकवाली का दबाव

नई दिल्ली। एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसके विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

एशियाई बाजार में भी मंदड़िये हावी नजर आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत से उत्साहित अमेरिकी बाजार में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। एसएंडपी 500 इंडेक्स पिछले सत्र के दौरान 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,997.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,287.65 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,027.10 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान जम कर मुनाफा वसूली होती रही, जिसकी वजह से वहां के तीनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.85 प्रतिशत टूट कर 8,072.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,338.67 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

डीआईआई का निवेश पहली बार 4.5 लाख करोड़ के पार पहुंचा

एफआईआई की बिकवाली को मिला करारा जवाब

नई दिल्ली। एजेंसी

लगातार जारी उठा पटक के बीच घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) इस साल भारतीय शेयर बाजार में अभी तक करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुके हैं। इस निवेश का एक बड़ा हिस्सा विदेशी निवेशकों की बिकवाली के समय स्टॉक मार्केट को सपोर्ट करने के लिए किया गया है।

किसी एक कैलेंडर ईयर में घरेलू संस्थागत निवेशकों द्वारा किया गया ये अभी तक सबसे ज्यादा निवेश है। ये स्थिति भी तब है, जबकि साल 2024 खत्म होने में अभी भी करीब डेढ़ महीने का समय बचा हुआ है। शेयर बाजार में जिस तरह विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का दबाव बनाया हुआ है, उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर ये स्थिति आगे भी जारी रही तो घरेलू संस्थागत निवेशकों के निवेश का आंकड़ा और भी ज्यादा हो सकता है। घरेलू शेयर बाजार में इस साल 30 सितंबर के बाद से ही लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और चीन के राहत पैकेज का ऐलान किए जाने के कारण विदेशी निवेशक दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट की तरह ही भारतीय शेयर बाजार में भी लगातार बिकवाली का दबाव बनाए रहे हैं। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण और स्टॉक मार्केट में लिस्टेड कई बड़ी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे की वजह से मार्केट सेंटीमेंट भी कमजोर हुआ है। इसके बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगातार लिवाली करके शेयर बाजार को क्रैश होने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अक्टूबर के महीने में विदेशी निवेशकों ने 94,017 करोड़ रुपये की नेट सेलिंग की थी। किसी एक महीने में विदेशी निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली का ये अभी तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

संक्षिप्त समाचार

नागौर जिले में थाना पादूकलां पुलिस की कार्रवाई

- नाबालिक को अगवा कर दुष्कर्म का मामला : अपहृत नाबालिग व आरोपी को बीकानेर के लूणकरणसर से किया दस्तयाब

चमकता राजस्थान। जयपुर/नागौर!(खलील कुरैशी) 11 नवंबर। जिले की थाना पादूकलां पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई कर 5 हज़ार के इनामी अपहृत नाबालिग एवं आरोपी हेमराज नाथ पुत्र शैतान नाथ (18) निवासी त्योद थाना रूपनगढ़ जिला अजमेर को बीकानेर के लूणकरणसर से दस्तयाब किया है।जिला एसपी नारायण टोगस ने बताया कि 26 जुलाई को परिजनों द्वारा आरोपी हेमराज नाथ के विरुद्ध नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने का एक मामला थाना पादूकलां पर दर्ज कराया गया था। मामले में परिजनों द्वारा राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर में हैबियस कॉरपस दायर की गई। दोनों की तलाश के लिए उनके कार्यालय से 5 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग और आरोपी की तलाश के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ जयप्रकाश के सुपरविजन एवंएसएचओपादूकलांसत यनारायण चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं मुखबिरों की मदद से हर संभावित स्थानों पर दोनों की तलाश की जा रही थी। साइबर सैल भी तकनीकी डेटा जुटा रही थी।तलाश के दौरान पुलिस टीम को नाबालिग एवं आरोपी हेमराज नाथ के बीकानेर के लूणकरणसर में होने की सूचना मिलने पर मौके पर भेजी पुलिस टीम द्वारा दोनों को दस्तयाब किया गया। जिन्हें बीकानेर से नागौर लाकर विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर हेरिटेज निगम की चल रही हैं जोरदार तैयारी



चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर हेरिटेज निगम की चल रही तैयारी शहर में दीवार और डिवाइडर पर रंग रोगन का कार्य शुरू, निखरने लगी अब शहर की विरासत वहीं,आयुक्त अरुण हसीजा की अपील के बाद व्यापारी वर्ग भी लगा तैयारियों में, गुलाबी रंग में चमक रहे परकोटे के बाजार,दुकानों का नाम स्वयं ही लिखवा रहे नियमों के मुताबिक सफेद पट्ट पर काले रंग में लिखे जा रहे दुकान के नामराइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर आयुक्त अरुण हसीजा खुद कर रहे हर काम की मॉनिटरिंग।

बढता शहरीकरण: समस्याएँ और समाधान विषयक मुक्त मंच की 90 वीं संगोष्ठी

शहरीकरण और प्रदूषण की रोकथाम के लिए लोकशक्ति को जागना होगा: डॉ नरेन्द्र कुसुम

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 नवम्बर । मुक्त मंच की 90 वीं मासिक संगोष्ठी बढता शहरीकरण: समस्याएँ एवं समाधान विषय पर योग आश्रम मे परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य में बहुभाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आईएएस (रि.) अधिकारी अरुण ओझा मुख्य अतिथि और आईएएस (रि.) राजेन्द्र भाणावत विशिष्ट अतिथि थे। 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने कहा कि शहरीकरण और प्रदूषण मूलतः मनुष्यकृत समस्याएँ हैं। प्रकृति ने हमें निर्मल, स्वच्छ और सर्वात्मना मंगलकारी उपादान दिए परंतु नगरों में रहने वाले लोगों द्वारा प्रकृति को विकृत करते हुए प्रदूषण की सहस्त्रमुखी समस्याएँ पैदा की जा रही हैं। इस समस्या के समाधान में सरकारी तन्त्र नाकाम साबित हो रहा है। नीतियाँ बनाई जाती हैं परन्तु उन्हें अमली जामा नहीं पहनाया जाता । लोकतान्त्रिक संस्थाएँ निष्प्रभावी हो गई हैं। चुनाव लोकमंगल के वाह-क न होकर लोक दंगल के प्रतीक हो गए हैं ।ऐसे में लोकशक्ति को जागना होगा। प्रशासन को चुरस्त दुरस्त बनाना होगा। इस कार्य में बुद्धिजीवी, सोशल मीडिया तथा जन प्रतिनिधियों की बहुत अहम भूमिका है।मुख्य अतिथि अरुण ओझा ने कहा कि शहर के विकास में कई निकाय लगे हुए होते हैं जो अपने हिसाब से ही पानी, बिजली, सड़क, वायु से सम्बद्ध नियम बनाते हैं। वे अपने नियम कायदों का पालन कठोरता से नहीं करवा पाते हैं। जयपुर को ढाई तीन सौ वर्ष पूर्व योजनाबद्ध तरीके से बसाया गया परन्तु अब पैदल चलने के लिए फुट-पाथ और कचरा वेस्ट के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। प्लास्टिक वेस्ट, कम्प्यूटर, मोबाईल बैट्रीज के वेस्ट के समुचित स्थान नहीं है। अब शहर चारों और बढ रहा है अतः योजना बद्ध आयोजना की जरुरत है। पूर्व मुख्य अभियन्ता दामोदर चिरानिया ने कहा कि मानव विकास में बढ़ती जनसंख्या के कारण गाँव से कस्बे, कस्बे से शहर के विकसित होने और पलायन स्वाभाविक है। इससे अधिक सुविधाओंकी जरूरत होती हैं। स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा के साथ निर्माणकार्य बढ़ते हैं और प्रदूषण में वृद्धि होती है।

वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बोडा ने अनुसार विडम्बना यह है कि हम क्लाइमेट चेंज और पोल्यूशन के अन्तर को नहीं समझते हैं । उन्होने बताया कि न्यूजर्सी में गन्दगी नाम की चीज दिहाई नहीं देती, लैण्ड फिल जैसे कचरे के पहाड़ दिखाई नहीं देते ।नगर निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कूड़े, कचरे, धूल, प्रदूषित वायु एवं प्रदूषित जल का समुचित स्वच्छता एवं सफाई का प्रबन्ध करते हैं। नागरिकों में भी जागृति है और वे सड़क पर थूकते नहीं, दीवारों को गंदा नहीं करते। वस्तुतः क्लाईमेंट एक अन्तरराष्ट्रीय फिनोमीना है जबकि प्रदूषण स्थानीय निकायों का मुद्दा है। जहाँ जनप्रतिनिधि जागरुक हैं वहाँ साफ सफाई हो जाती है, वरना तो सब राम भरोसे है।प्रखर चिंतक सुभाष गुप्त ने कि गाँव तथा कस्वों के शहरों मे रुपान्तरित होने की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है। इसपर कारगर नियंत्रण की कोईयोजना बननी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र भाणावत ने कहा शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए कार्यरत निकायों में संवाद ही नहीं होता। सब अपनी योजनाएँ अपने ढंग से बनाते और चलाते हैं। गांधीजी ने कहा था कि गाँवों को स्वावलम्बी होना चाहिए और गाँव की आवशयकतानुसार वस्तुएँ गाँव में ही बने परन्तु इसका उल्टा रहा है। शहरों के लोग चप्पल जूते तक चीन के पहनते हैं। गाँव चीनी आयातित वस्तुओं पर निर्भर हो गए हैं। भाणावत ने गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया ताकि गाँवों से पलायन रुके और उन्हे गन्दा कर नरक न बनाएँ।

डॉ.मंगल सोनगरा ने कहा कि शहरीकरण की समस्या सोशियो,इकोनोमिक तथा पोलिटिकल है। बढती जनसंख्या भी प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है जबकि सम्बद्ध विभागों की अकर्मण्यता भी उसके लिए बराबर की भागीदार है। जी. के. श्रीवास्तव तथा डॉ सावित्री रायजादा ने भी अपना वैचारिक अवदान किया। वरिष्ठ व्यंगकार एवं पत्रकार फारुक आफरीदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन प्रकृति कृत है जबकि जल, वायु, धुंआ आदि का प्रदूषण मनुष्यकृत है जिन पर नियन्त्रण किया जा सकता है । अपने संयोजकीय वक्तव्य में 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि भारत में शहरीकरण विलम्ब से शुरु हुआ। यू.एन.ओ. वर्ल्डोमीटर के अनुसार भारत की 2060 तक भारत की आधी आबादी शहरों मे रहने लगेगी। आज भी तामिलनाडु राज्य में 48% आबादी शहरों में रह रही है, जबकि केरल राज्य में 47.7% आबादी शहरी संस्कृति कीअभ्यस्त हो गई है। यू.एन. ओ. के 2024 में वर्ल्डोमीटर 26 अक्तुबर 2024 को भारत की आबादी 1,45,50,620,083 थी। गत दिनों दिल्ली में वायु की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई जबकि वायु गुणवता सूचकांक एक्यूआई 400 के आस पास पहुंच गया। इससे व्यावसायिक औद्योगिक, इकाइयों पर डीजल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। पार्किंग शुल्क भी बढा दिया गया है। अपशिष्ट प्रबन्धन पर कड़ी नजर के साथ वायु, मिट्टी, धुंआ, जल आदि के प्रदूषण पर कड़े प्रावधान लागू किए गए। 10 वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए तथा गाँधीजी की 150 वीं जयन्ती पर खुले में शौच से 82% परिवारों को मुक्ति मिली है। आज दुनिया में 201 करोड़ टन से ज्यादा कचरा पैदा हो रहा है । एक अनुमान के अनुसार 2050 तक 340 करोड़ टन की व्यवस्था करनी होगी।अन्त में डॉ. पुष्पलता गर्ग ने समापन उदबोधन दिया।

बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में बाल विवाह निषेध, व्यसन,नशा मुक्ति और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी)। शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.नरेश कुमार मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवम् इकाई द्वितीय द्वारा शाहपुरा उपखंड अधिकारी संजीव कुमार खेदड़ के आतिथ्य में बाल विवाह निषेध, व्यसन एवं नशा मुक्ति और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्स्ना, डॉ. राजेश बेनीवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति में देवउठनी एकादशी पर अबुझ सावा माना जाता है जिसमें हजारों वैवाहिक कार्यक्रम होते हैं। उपखंड अधिकारी खेदड़ ने महाविद्यालय छात्राओं और एन एस एस वॉलंटियर्स को अपने आसपास, गांव, परिवेश में किसी भी बाल विवाह का पता लगने पर तुरंत प्रशासन को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. नरेश कुमार मीना ने छात्राओं को समाज में बढ़ रहे व्यसन तंबाकू और नशे से बचने का आ''ान किया साथ ही समाज से इस प्रवृति से बचाने में प्रशासन का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। ईएलसी प्रभारी डॉ. किरण देशवाल, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्स्ना, डॉ. राजेश बेनीवाल, शाहपुरा निर्वाचन शाखा से राजेंद्र शर्मा, सुपरवाइजर, बीएलओ श्रवण कुलदीप, मुकेश यादव, डॉ. हेमराज पलसानिया आदि ने भी छात्राओं को इन सबके लिए प्रेरित किया। अंत मेंमहाविद्यालय से शाहपुरा शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

राजस्थान पुलिस अकादमी में जेंडर आधारित हिंसा पर होगी चर्चा, रोकथाम उपाय पर किया जाएगा मंथन-विमर्श

चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 11 नवंबर। राजस्थान पुलिस अकादमी तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं पर समन्वित प्रतिक्रिया के लिए एकदिवसीय अंतर विभागीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस सेंगाथिर ने बताया कि इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत की प्रमुख प्रतिनिधि एण्ड्रिया एम वोज्नर के साथ पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वे अधिकारी जो जेंडर आधारित हिंसा संबंधित समस्याओं व कार्य कार्य करते हैं, प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे।एडीजी सेंगाथिर ने बताया कि उक्त परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं से निपटने के लिए बहुक्षेत्रीय समन्वय को बढाने वाले समाधानो पर पैनल तथा आमन्त्रित प्रतिभागियों से संवाद कर रोकथाम उपाय पर चर्चा करना है।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कार्यक्रम 'उड़ान' एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

विशेष योग्यजन बच्चे किसी से कम नहीं हैं : मुख्य न्यायाधीश

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 11 नवम्बर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा दिवस, 2024 के अवसर पर सोमवार को रस्त्रङ्ग१३२ ।ङ्ग१ अ६ंशीह्ली२२ 'उड़ान' कार्यक्रम का समापन समारोह तथा पु-रस्कार वितरण आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश एम एम.श्रीवास्तव, मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय ने की। कार्यक्रम के तहत प्रातः सवाई मानसिंह स्टेडियम में जिला तथा संभाग स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागियों में से राज्य स्तरीय विजेताओं का चयन किया गया तथा सायंकाल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति एम एम श्रीवास्तव ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि विशेष योग्यजन बच्चे कि-सी से कम नहीं हैं। ये सहानुभूति नहीं मांगते, बल्कि अवसर की तलाश में परिस्थितियों से जूझने तथा आपदा को चुनौति में बदलने की अपार शक्ति रखते हैं। पंकज भंडारी, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, रालसा ने बच्चों के साथ शतरंज तथा अन्य खेलों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रालसा ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धा-रा से जोड़ने तथा उनमें अधिकारों की जागरूकता के लिए प्रयासरत है।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष रालसा ने विशेष योग्यजन बच्चों के कल्याण और उनमें अधिकारों की जागरूकता एवं संवेदीकरण की नवीन पहल की है, जिसमें 08 वर्ष से 18 वर्ष तक के विशेष योग्यजन बालक एवं बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। ये खेल थे कबड्डी, बाँची बॉल, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, लम्बी कूद, पेंटिंग, शॉट पुट तथा टेबल टेनिस।रालसा का प्रयास है कि इन खेलों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों में शारीरिक क्षमता तथा संज्ञानात्मक स्वास्थ्य का विकास, साहस प्रदर्शन, प्रसन्नता की अनुभूति, भेदभाव मिटाना, लक्ष्य निर्धारण एवं विश्वास उत्पन्न करना, संवाद तथा नेतृत्व क्षमता का विकास, भावनात्मक तथा मनौवैज्ञानिक सहायता तथा समावेश की भावना विकसित करना है। रालसा विशेष योग्यजन बच्चों के सपनों और उम्मीदों को सहेजता है। उन्हें विश्वास दिलाता है कि वो इसी समाज का हिस्सा है। ये खेल इसी भावना से किए गए थे।इन प्रतियोगिताओं के विषय ऐसे रखे गए हैं जिससे हरित राजस्थान, Child Abuse Free Society मैन्युअल स्कैवेंजिंग का उन्मूलन, विधिक सेवाओं की जानकारी, दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण तथा महिला अपराध मुक्त समाज की स्थापना किए जाने की भावना उत्पन्न हो सके।

इंद्रजीत सिंह, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जयपुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विशेष योग्यजन बच्चों को उत्साहित करना है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को भी बढ़ाना है।कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य वरिष्ठ न्यायाधिपतिगण, जिला एवं सेशन न्यायाधीशगण तथा राजस्थान उच्च न्यायायलय रजिस्ट्री के अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिवगण इत्यादि सम्मिलित रहे।कार्यक्रम के अन्त में प्रथम स्थान पर रही टीमों को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीमों को सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र एवं तृतीय स्थान पर रही टीमों को ब्रोन्ज मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अन्य स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट हेम्पर दिए गये।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929